दैनिक
# नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, मंगलवार 10 नवम्बर 2020, कार्तिक कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-269 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

बढ़ते प्रदूषण और कोरोना संक्रमित मरीजों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को मद्देनजर रखकर राजस्थान और उड़ीसा सरकार ने पहले ही दीपावली पर पटाखे बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नई दिल्ली में भी पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। अन्य राज्यों में जहां वायु प्रदूषण ज्यादा है वहां भी महज दो घंटे तक पटाखे चलाने की अनुमति प्रदान की कई है। मतलब इस दीपावली पर कही दीप जले कहीं दिल की तर्ज पर कहीं पटाखे फूटेंगे और कहीं नहीं फूटेंगे। जहां पटाखों पर प्रतिबंध लगा है वहां बच्चों को समझाने में बड़ों के पसीने छूटेंगे।

# छग में अब नए उद्योगों की राह आसान, मौजूदा इकाइयों को भी ढेरों सौगातें

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति में क्रांतिकारी बदलाव लाए गए हैं। राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2019-24 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नई सरकार ने 21 महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए हैं। इसमें प्रमुख रूप से लघु उद्योगों को कैपिटल सबसिडी में नगद या जीएसटी की पूर्ति का विकल्प होगा। अब तक यह नगद अनुदान की सूक्ष्म उद्योगों के लिए पात्रता थी। शासन ने विभिन्न औद्योगिक संगठनों की मांगों को स्वीकार करते हुए लघु एवं

### नई उद्योग नीति में किए गए कई महत्वपूर्ण संशोधन

मध्यम श्रेणी के उद्योगों को नगद या जीएसटी में अनुदान देने का निर्णय लिया है। अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उद्यमियों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गयी है। इसके तहत पिछली औद्योगिक नीतियों से अधिक लाभ दिया जाएगा। पुराने उद्योगों के विस्तार पर भी नए उद्योगों की तरह सरकार प्रोत्साहन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

- ■ स्थायी पूंजी निवेश अनुदान अब सूक्ष्म के साथ लघु और मंझोले उद्योगों को भी
- ■ अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज

### लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों को भी अनुदान

*छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में एमएसएमई को पृथक रूप से परिभाषित किया गया है तथा वृहद सेवा उद्यम की परिभाषा भी जारी की गई। निवेशकों की मांग अनुसार स्थायी पूंजी निवेश अनुदान को सूक्ष्म उद्योगों तक सीमित न कर लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों के लिए भी प्रावधानित किया गया।*

### विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा

*विद्यमान उद्योगों के विस्तार करने पर स्थायी पूंजी निवेश की गणना अवधि को भी बढ़ा दिया गया है। राज्य के उद्योगों की रीढ़ इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा देने मेगा, अल्ट्रामेगा उद्योगों के लिए 'बी स्पोक पॉलिसी' के तहत विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गई है। ये वो इकाईयां होंगी, जो राज्य शासन के साथ एमओयू निष्पादित करेंगी।*

### स्टार्ट अप्स को अन्य उद्योगों से अधिक सुविधाएं

*उद्योगों में नवीन विचारधारा को समाहित करने तथा नव रोजगार सृजित करने छत्तीसगढ़ राज्य स्टार्ट-अप पैकेज को नीति में स्थान दिया गया है। इन स्टार्ट-अप्स को अन्य उद्योगों से अधिक सुविधाएं कम औपचारिकता के साथ प्रदान की जाएंगी। समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग* ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## खास- खबर

### 15वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति कोविंद को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली/ (वार्ता)।** पंद्रहवें वित्त आयोग के सदस्यों ने सोमवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। कोविंद ने ट्वीट करके बताया कि 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह की अध्यक्षता में आयोग के सदस्यों ने उनसे राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने आगे लिखा है कि आयोग की ओर से उन्हें 2021-26 के लिए एक रिपोर्ट भी सौंपी गयी है।

### मुंबई और दिल्ली में होगा महासंग्राम

**दुबई (वार्ता)।** विजय रथ पर सवार मुंबई इंडियंस और अपना मनोबल वापिस हासिल कर चुकी दिल्ली कैपिटल्स के बीच मंगलवार को होने वाले आईपीएल-13 के खिताबी मुकाबले में महासंग्राम होगा। निश्चित रूप से फाइनल में टक्कर नहीं महासंग्राम होगा क्योंकि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली दिल्ली पहली बार खिताब जीतने के लिए अपना सबकुछ झोंकना चाहेगी। मुंबई अपने अब तक के प्रदर्शन से दावेदार रहेगी।

### बागपत : कार पलटने से चार की मौत

**बागपत (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में बागपत के रमाला क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई जिसमें कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## शेयर बाजार

सेंसेक्स- 42597.43
निफ्टी- 12461.05
गोल्ड- 49900 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 61865 (1 कि ग्रा.)

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आज होंगे घोषित

# लालू के लाल या नीतीश को कमान, फैसला आज

- ■ 38 जिलों में 55 मतगणना केंद्र बनाए गए
- ■ एक साथ सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

**पटना/ए.।** बिहार में अब किसका राज चलेगा। क्या लालू के लाल करेंगे राज या फिर से नीतीश कुमार। इन सवालों का जवाब मंगलवार 10 नवंबर को पता चल जाएगा। बता दें कि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का चुनाव चिह्न तीर है और राजद का लालटेन। मंगलवार को बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों व वाल्मीकिनगर संसदीय उपचुनाव के परिणामों का रुझान सुबह नौ बजे से और वास्तविक परिणाम तीन बजे से सामने आने लगेंगे। चुनाव आयोग द्वारा राज्य के सभी 38 जिलों में 55 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर एक साथ सुबह आठ बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। सबसे पहले बैलेट पेपर से डाले गए मतपत्रों की गणना होगी। सुबह 8:15 बजे ईवीएम से गणना की शुरुआत हो पाएगी।

### पहले बैलेट वोट की होगी गिनती

*शुरुआती दो घंटे में बैलेट वोटों की गिनती की जाएगी। इसके रुझान सबसे पहले सामने आएंगे। हालांकि ईवीएम के वोटरों की गिनती शुरू होने के बाद रुझान में काफी उतार-चढ़ाव की संभावना बनी रहेगी। पहले जहां रात आठ बजे तक परिणाम आ जाते थे, वहीं इस बार इसमें देरी होगी।*

अधिकारियों का कहना है कि ईवीएम से एक राउंड की गणना करने में 15 से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### इन तीन के नतीजे सबसे बाद में

*दीघा, कुम्हरार और बांकीपुर विधानसभा के परिणाम देर से आएंगे। दीघा की गिनती देर तक चलती रहेगी। पटना जिले के सभी चौदह विधानसभा क्षेत्रों के लिए एएन कॉलेज में मतगणना स्थल बनाया गया है। प्रत्येक विधानसभा की मतगणना दो पंडाल में होगी। वहीं, पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 4 जगहों पर करने की व्यवस्था की गई है।*

### सबसे पहले आएंगे इन सीटों के नतीजे

*बताया जा रहा है कि पटना के 14 विधानसभा क्षेत्रों में से सबसे पहले फतुहा विधानसभा और बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के परिणाम घोषित किए जाएंगे। इन दो विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की संख्या अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तुलना में कम है। फतुहा विधानसभा में 405 और बख्तियारपुर विधानसभा में 410 मतदान केंद्र हैं। इसीलिए इन दो विधानसभा क्षेत्रों में परिणाम जल्दी आने की संभावना है।*

# इधर, मप्र की 28 व छग की मरवाही सीट के उपचुनाव के नतीजों का भी होगा ऐलान

**रायपुर/भोपाल/नवप्रदेश।** बिहार विधानसभा चुनाव के साथ ही मध्य प्रदेश की 28 सीटों व छत्तीसगढ़ की मरवाही सीट के लिए हुए उपचुनाव के नतीजे भी मंगलवार को साफ हो जाएंगे। मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे सख्त सुरक्षा प्रबंधों और कोरोना संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए संबंधित जिला मुख्यालयों पर प्रारंभ होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मध्य प्रदेश के 19 जिलों के 28 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए मतदान 3 नवंबर को हुआ था और कुल 63 लाख 67 हजार से अधिक मतदाताओं में से औसतन 70.27 प्रतिशत वोट डाले गए। मतगणना पूर्ण होने पर 12 मंत्रियों समेत कुल 355 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### मरवाही में 8 प्रत्याशी, मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा में

***बिलासपुर(नवप्रदेश)।** मरवाही विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए 3 नवम्बर को वोटिंग संपन्न हुई थी। इसके नतीजे भी मंगलवार को घोषित होंगे। कुल आठ प्रत्याशी मैदान में है। लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच ही है। मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। मतगणना गौरेला के गुरुकुल विद्यालय परिसर में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। दोपहर बाद तक आधिकारिक नतीजे आने का अनुमान है। यहां 79 फीसदी वोटिंग हुई थी। मरवाही में अंधियारखोह मतदान केन्द्र में सबसे अधिक 1306 जबकि खमलीखुर्द में सबसे कम 130 मतदाता हैं।*

### ये हैं प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| डॉ गंभीर सिंह | भाजपा |
| डा. केके ध्रुव | कांग्रेस |
| उर्मिला मार्को | राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी |
| रितु पेंद्राम | गोंडवाना गणतंत्र पार्टी |
| पुष्पा कोर्चे | अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया |
| वीर सिंह नागेश | भारतीय ट्राइबल पार्टी |
| लक्ष्मण पोर्ते | भारतीय सर्वजन हिताय पार्टी |
| सोनमति सलाम | निर्दलीय |

### मप्र में 12 मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

*उपचुनाव में राज्य के 12 मंत्रियों और कुछ पूर्व मंत्रियों की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है। पूर्व मंत्री तुलसी सिलावट (भाजपा, सांवेर) और गोविंद सिंह राजपूत (भाजपा, सुरखी) एक बार फिर विधानसभा में पहुंचने के लिए बेताब हैं। इसके अलावा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी (सांची), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ऐदल सिंह कंसाना (सुमावली), कृषि राज्य मंत्री गिर्राज डंडोतिया (दिमनी), सहकारिता राज्य मंत्री ओपीएस भदोरिया(मेहगांव), ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर (ग्वालियर), महिला एवं बाल विकास मंत्री इमरती देवी (डबरा) और लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ (पोहरी) की प्रतिष्ठा भी दाव पर है। राज्य में भाजपा सरकार के मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया(बामोरी), बृजेंद्र सिंह यादव (मुंगावली), बिसाहूलाल सिंह (अनूपपुर), राजवर्धन सिंह दत्तीगांव (बदनावर) और हरदीप सिंह डंग (सुवासरा) भी चुनाव मैदान में हैं। पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह बौद्ध बसपा के टिकट पर भांडेर से चुनाव मैदान में हैं। वे पूर्ववर्ती दिग्विजय सिंह सरकार में गृह मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा भांडेर से इस बार कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर बसपा के पूर्व प्रदेश प्रमुख फूल सिंह बरैया अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बामोरी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के टिकट पर पूर्व मंत्री कन्हैयालाल अग्रवाल भी कांटे की टक्कर में हैं। वे पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री रह चुके हैं।*

# पीएम मोदी ने 'लोकल फॉर दिवाली' मंत्र के साथ दी त्योहारों की बधाई

**वाराणसी/ (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दीवाली, धनतेरस, अन्नकूट, गोवर्धन पूजा और डाला छठ की अग्रिम बधाई देते हुए अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी समेत देशवासियों से अपने वाले त्योहारों के दौरान स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की। मोदी नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से यहां 620 करोड़ रुपये की विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 30 विकास योजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा लोगों से भोजपुरी भाषा में बधाई एवं अपील की। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के अपने

मंत्र को एक बार फिर दोहराते हुए देशवासियों से 'लोकल के लिए वोकल' के तहत 'लोकल फॉर दिवाली' को अमल कर स्थानीय उत्पाद खरीदने को प्राथमिकता देने अपील की। मोदी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर कोई भी उत्पाद ख़रीदा जा सकता है लेकिन जब स्थानीय उत्पादों को खरीदने से यदि काम चल सके तो इसे जरूरत बढ़ावा देना चाहिए।

# बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल पर शिकंजा

### ड्रग्स मामले में एनसीबी की छापेमारी



**मुंबई ए.।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में सामने आए ड्रग्स मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने सोमवार को बड़ा ऐक्शन लिया है। एनसीबी ने बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल पर शिकंजा कसते हुए छापेमारी की है। इससे पहले भी एनसीबी ने कई बॉलीवुड से जुड़े लोगों से ड्रग्स कनेक्शन को लेकर पूछताछ की थी। एनसीबी की छापेमारी अर्जुन रामपाल के मुंबई स्थित घर पर हुई। हालांकि, एनसीबी की टीम ने अभी छापेमारी को लेकर कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। लेकिन, टीम के कुछ अधिकारियों ने सोमवार सुबह अर्जुन रामपाल के घर पहुंचकर छापेमारी की। इससे पहले, एनसीबी ने रविवार को बॉलीवुड निर्माता फिरोज नाडियाडवाला के जुहू आवास पर गांजा जब्त करने के बाद उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया था।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश से बढ़ा सस्पेंस

# इस दिवाली पटाखे फुस्स!

- ■ जिन शहरों और कस्बों की हवा खराब वहां पटाखों पर प्रतिबंध
- ■ नवंबर 2019 की हवा की गुणवत्ता होगी आधार

**नई दिल्ली/ए.।** पटाखों को लेकर सोमवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का आदेश आ गया। एनजीटी के अनुसार, पिछले साल नवंबर में जिन-जिन शहरों और कस्बों में हवा की गुणवत्ता 'खराब' या उससे नीचे रही थी, वहां पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लागू होगा। अगर कहीं पर इससे भी सख्त आदेश है तो वह लागू होगा। इससे कन्फ्यूजन की स्थिति बन गई है।

### दिल्ली-एनसीआर को लेकर ये है एनजीटी का आदेश

*दिल्ली-एनसीआर में तो 30 नवंबर तक पटाखों की बिक्री पर रोक है ही। इस आदेश के बाद कन्फ्यूजन की स्थिति पैदा हो गई है कि कहां पटाखे लाने की छूट होगी और कहां नहीं। एनजीटी ने अपने आदेश में साफ कहा है कि दिल्ली-एनसीआर में 9 नवंबर की आधी रात से 30 नवंबर तक पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पाबंदी है। दिल्ली की हवा फिलहाल 'गंभीर' श्रेणी में है और पटाखों के चलते इसके और खराब होने का पूरा अंदेशा था। एनजीटी का यह आदेश चार राज्यों में फैले दो दर्जन से भी ज्यादा जिलों पर लागू होगा जो एनसीआर का हिस्सा हैं।*

एनजीटी ने डेटा पॉइंट नवंबर 2019 रखा है। ऐसे में पिछले सालका डेटा देखने के बाद ही तय होगा कि बाकी देश में कहां-कहां पटाखों पर प्रतिबंध है। एनजीटी ने यह भी कहा है जिन राज्यों ने बैन लगा रखा है, वह जारी रहेगा। बता दें कि दिवाली के बाद पटाखों के चलते वायु प्रदूषण कई गुना बढ़ने के ट्रेंड को देखते हुए कई राज्यों में प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**अच्छी खबर** नए मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या अधिक होने का कुछ ऐसा असर

# कोरोना : छह फीसदी से कम हुई सक्रिय मामलों की दर

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या अधिक रहने के कारण सक्रिय मामलों की दर गिरकर छह फीसदी से नीचे आ गयी है, जबकि रिकवरी रेट 92.5 प्रतिशत से अधिक हो गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार रविवार को नये मामलों में मामूली बढ़ोतरी हुयी और शनिवार के 45,674 की तुलना में 45,903 सामने आये। इससे संक्रमितों की संख्या संख्या 85.53 लाख से अधिक हो गयी।

### सर्वाधिक प्रभावति महाराष्ट्र में भी राहत

*इस जानलेवा विषाणु से सर्वाधिक प्रभावित हुए महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों में लगातार कमी आने से इनकी संख्या एक लाख नीचे आ गयी है, जो एक समय तीन लाख सेऊपर निकल गयी थी। पिछले 24 घंटों के दौरान 2,772 की कमी होने से इनकी संख्या घटकर 97,296 रह गयी है, जबकि 125 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 45,240 हो गयी है। इस दौरान 8,232 लोग स्वस्थ हुए हैं, जिससे इस महामारी से निजात पाने वाले की संख्या बढ़कर 15.77 लाख से अधिक हो गयी है।*

इस दौरान 48,405 मरीज स्वस्थ हुए और 490 की मृत्यु हुई है। देश में अब तक 79.13 लाख से अधिक लोग स्वस्थ हो चुके हैं तथा 1,26,611 लोगों ने जान गंवाई है।

### ऑस्ट्रेलिया ने टीके का उत्पादन शुरू किया

***कैनबरा (वार्ता)।** आस्ट्रेलिया की सीएसएल लिमिटेड कंपनी ने सोमवार को ऑक्सफोर्ड/एस्ट्राजेनेका यूनिवसिटी के कोरोना वायरस वैक्सीन का उत्पादन शुरू कर दिया है। सिडनी के 2जीबी रेडियो के अनुसार आज विक्टोरिया में वैक्सीन की तीन करोड़ खुराक के उत्पादन के दायरे में पहुंच गयी है।*

*स्वास्थ्य मंत्री ग्रेग हुंट ने 2जीआी को कहा , वैक्सीन स्वेच्छा से लगाया जा रहा है, लेकिन हम अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे। हमें विश्वास है कि ऑस्ट्रेलियाई जनसंख्या के हिसाब से हमारे पास बहुत अधिक वैक्सीन है। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक मार्च में आम लोगों को इसकी खुराक मिलनी शुरू हो जाएगी। एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को अभी भी ऑस्ट्रेलिया के चिकित्सीय प्रशासन द्वारा स्वीकृति दिए जाने की जरुरत है। इस वर्ष के अंत तक वैक्सीन के तीसरे चरण का चिकित्सकीय परीक्षण पूरा होने की उम्मीद है।*

### राजनाथ ने ए सैट मिसाइल के मॉडल का अनावरण किया

**नई दिल्ली (वार्ता)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भवन में अंतरिक्ष में उपग्रह को मार गिराने में सक्षम ए सैट मिसाइल के मॉडल का अनावरण किया। इस मौके पर उनके साथ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और डीआरडीओ के अध्यक्ष डा जी सतीश रेड्डी भी मौजूद थे। देश ने पिछले वर्ष मार्च में 'मिशन शक्ति' के तहत अंतरिक्ष में एक उपग्रह को ए सैट मिसाइल से गिराकर बड़ी उपलब्धि हासिल की थी।

# अर्णब को झटका, बॉम्बे हाईकोर्ट ने जमानत याचिका को किया खारिज

**मुंबई/ए.।** रिपब्लिक टीवी के एडिटर इन चीफ अर्णब गोस्वामी की जमानत याचिका को बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। पत्रकार अर्णब गोस्वामी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। रायगढ़ पुलिस ने अर्णब को मुंबई स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इस मामले में अर्णब के अलावा दो अन्य आरोपियों- फिरोज शेख और नीतेश सारदा को भी गिरफ्तार किया गया था। अर्णब ने अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई थी और गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए उसे चुनौती दी।

### कोर्ट ने कहा- असाधारण क्षेत्राधिकार के तहत रिहाई का नहीं बनता मामला

*हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को असाधारण क्षेत्राधिकार के तहत रिहा करने का कोई मामला नहीं बनता। साथ ही कोर्ट ने कहा कि अर्णब रेग्युलर बेल के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले अर्णब* ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# 24 हजार घरों में लगेगा जल्द नल कनेक्शन : महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आज निगम सामान्य सभा की बैठक में निगम दुर्ग की वर्ष 2020.21 बजट अंगीकार करने प्रस्तुत किया गया। महापौर बाकलीवाल ने कहा पूर्ववर्ती शहरी सरकार के समय 146 करोड़ की महती अमृत मिशन योजना की शुरुआत 2018 में की गई थी अप्रैल 2020 में समाप्त हो जाना था। परन्तु पूर्ववर्ती शहरी सरकार की निष्क्रीयता से मात्र 30 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ था। जबकि 146 करोड़ के विरुद्ध 62 करोड का भुगतान किया जा चुका था। हमारी सरकार ने इसके लिए विस्तृत योजना तैयारी कर कार्य की शुरुआत की। परिणाम आज सबके सामने है। अब तक 73 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

इसके अलावा पीएलसी एवं स्काडा की मशीन फिल्टर प्लांट में लगना शुरु हो गया है। 21500 के विरुद्ध बचे हुये लगभग 24000 घरों में नल कनेक्शन देने का कार्य अतिशीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होनें कहा शहर की बरसों पुरानी मांग ठगड़ाबांध सौदर्यीकरण कार्य के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया है। इसके लिए 276 परिवारों को कच्चे की जगह पक्का आवास दिया जा चुका है। इस स्थान पर लगभग 50 एकड़ जल क्षेत्र में सुंदर आयलेण्ड, चारों ओर पार्किंग, फूटपाथ, सायकिलिंग ट्रेकए कम्युनिटी हाल तथा पर्यटन के लिए बोटिंग का प्रावधान किया गया है। महापौर ने बताया हमारी सरकार आने के बाद हमने शहर की सफाई व्यवस्था की ओर पुनः ध्यान दिया। शहर के मुख्य मार्ग एवं हृदय स्थल रेल्वे स्टेशन के सामने जहॉ नुक्कड़ बनाकर कर सड़क किनारे.किनारे कचरा फेका जाता था उसे बंद कराया वहॉ सौंदर्यीकरण किया गया। महापौर ने बताया शहर में हमेशा स्वीमिंग पुल की आवश्यकता को महसूस किया जाता रहा है। इस आवश्यकता को पूरा करने पूर्ववर्ती शहरी सरकार ने कभी भी ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया । हमारी सरकार आते ही हमने माननीय विधायक अरुण वोरा जी के प्रयास से शासन को 5 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। जिसे सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है। इस प्रकार शहर को अंतराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल की सौगात जल्द ही शहर को मिलेगी। इसी प्रकार विकास को गति प्रदान करने विशेष रुप से गंजपारा चौक से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मार्ग का चैड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराया जाना प्रस्तावित है। जिसमें 433.66 लाख अनुमानित व्यय की संभावना है। उन्होनें बताया बजट में शहर के तालाबों को गंदा पानी से बचाव की योजना बनायी गयी है। इसके लिए हमने लुचकी तालाब के पानी को साफ करने प्रयोगतौर पर उपयोग किया है एक माह में जैविक बैक्टीरिया तालाब में डाला जा रहा है और प्रति सप्ताह पानी के पी एच की जांच लैब में करवा रहे हैं इसका सुखद परिणाम प्राप्त हुआ है शहर के अन्य सभी तालाबों में लोगों को निस्तारी के लिए साफ पानी उपलब्ध कराने कार्य की शुरुआत की जाएगी।

### निगम बजट नवा दुर्ग गढ़ने के लिए : वोरा

प्रदेश के बाद निगम में 20 वर्षों बाद कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कोविड के साए में आयोजित पहली सामान्य सभा में 8 माह विलंब से प्रस्तुत किए गए वर्ष 2020.21 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए शहर विधायक अरुण वोरा ने सर्वहारा वर्ग का ध्यान रखने वाला बताते हुए कहा कि लंबे समय के बाद शहरी सरकार ने धरातल पर विकास करने वाला बजट प्रस्तुत किया है। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की संकल्पना को मूर्त रूप देने की कार्ययोजना स्पष्ट नजर आती है। ठगड़ाबांध पिकनिक स्पॉट, इंदिरा मार्केट में यूनिशेड, मुक्तिधाम रोड का सौंदर्यीकरण, चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण, अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल, शहर की आंतरिक सड़कों का सीमेंटीकरण, पालिका बाजार की स्थापना, उन्मुक्त खेल मैदान निर्माण, विभिन्न वार्डों में उद्यान विकास जैसी आवश्यक कार्यों के अलावा शहर को स्मार्ट सिटी की ओर ले जाने हेतु लगभग 4 अरब 98 करोड़ का बजट महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में परिषद ने प्रस्तुत किया है।

न्यूज गैलरी

## कार्यों का भूमिपूजन

**भिलाई।** वार्ड 36 गौतम नगर में मानिकपुरी पनिका समाज के लिए भवन का निर्माण किया जाएगा जिसका भूमिपूजन आज महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव ने किया। 5 लाख की लागत से सामाजिक भवन का निर्माण किया जाएगा। श्री यादव ने इस अवसर पर कहा कि भिलाई में विकास कार्य निरंतर किया जा रहा है। सामाजिक गतिविधियों के संचालन समय से भवन की मांग मानिकपुरी पनिका समाज के द्वारा की जा रही थी। सामाजिक बैठके भवन में जा सकेंगी समाज के विकास को प्राथमिकता के रखकर कार्य किया जा रहा है!

# निगम ने किया प्रदेश के पहले वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना का बेहतर क्रियान्वयन भिलाई निगम में हो रहा है। निगम पूरे छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के तहत वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर विक्रय करने वाला पहला निगम की सूची में शामिल हो गया है। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर क्रय कर वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का कार्य भिलाई में जोर शोर से किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई को हुई थी। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव एवं कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के कुशल निर्देशन में योजना की शुरुआत के पहले तारिख को ही निगम ने पूरी तैयारी गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने को लेकर कर ली थी। तब 5 ग्रीन बैग वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए लाए गए थे। प्रथम दिन ही ग्रीन बैग में गोबर डालकर वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया और अब वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हुआ तो इसे कृषि विभाग के लैब में टेस्ट कराया गया जहां वर्मी कम्पोस्ट विभिन्न स्तर के मानको पर खरा उतरा और विक्रय के लिये तैयार हो गया। वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र के कृषको ने वर्मी कम्पोस्ट क्रय किया नेहरू नगर के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी ने बताया कि 120 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय आज गौठान समिति ने किया और निगम पहला ऐसा निगम बन गया जो वर्मी कम्पोस्ट बनाने से लेकर विक्रय करने में तेज गति से कार्य करते हुए अग्रणी स्थान हासिल किया है। गोधन न्याय योजना के तहत केन्द्रों में 2 किग्रा, 5 किग्रा एवं 30 किग्रा का बैग तैयार किया है, ताकि लोगों द्वारा आवश्यकता अनुरूप वर्मी कम्पोस्ट क्रय किया जा सके।

# एनसीपी के पिलोडिया बने जिलाध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने आज भिलाई में प्रेस वार्ता कर एनसीपी से जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा राष्ट्रीय सचिव नीलकंठ त्रिपाठी की मौजूदगी में एनसीपी राज के प्रदेशाध्यक्ष पुरूषोत्तम पाण्डेय ने भिलाई निवासी हेमंत पिलोडिया को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनित किया। साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राज पाण्डेय ने सुनिल पाण्डेय को युवा जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया। नीलकंठ त्रिपाठी ने कहा कि आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में राकांपा का परचम लहराने के लिए हमारी टीम सक्रीयता से कार्य कर रही है। राकांपा युवाओं के रोजगार एवं मुख्य रूप से जनहित के मुद्दे को लेकर उतरेगी। पंचायत राज के प्रदेशाध्यक्ष पुरूषोत्तम पाण्डेय ने कहा कि हमारी टीम ग्रामीण क्षेत्र में मजबूती से कार्य का रही है। वहां भी कार्यकारिणी गठित किया जा रहा है ताकि किसान हित के मुद्दे को लेकर काम करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव नीलकंठ त्रिपाठी, पुरूषोत्तम पाण्डेय, राहुल राज पाण्डेय के अलावा पंचायती राज के उपप्रदेश अध्यक्ष एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी हितेश शुक्ला, सोनू गोस्वामी, सुरभी शर्मा, निजाम कादरी उपस्थित थे।

# स्लम एरिया के 26 मरीज हुए रेफर

नवप्रदेश संवाददाता

**रिसाली।** मौसम के बदलते ही क्षेत्र में सर्दी खांसी के मरीज बढ़ने लगे है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लगाए जा रहे चलित चिकित्सालय में 575 लोगों का इलाज कर दवा दी गई। हालांकि 26 लोगों को गंभीर बताते हुए हायर सेंटर भेजा गया है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निगम क्षेत्र में कैलेण्डर तैयार कर स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। 2 नवंबर से चल रहे शिविर में 678 मोबाइल युनिट तक पहुंचे। जिनमे से लक्षण आधार पर 107 लोगों का पैथोलॉजी जांच करने के बाद आगे के इलाज के लिए 26 लोगों को दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं मौसमी बीमारी होने पर 575 लोगों को दवा दी गई। अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे श्रमिक कार्ड बनाने फोकस कर रहे है। योजना के तहत ऐसे लोगों का अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करना है जिनका पंजीयन कार्ड बनाया है।

## दीए भेंट...

**रिसाली (नवप्रदेश)।** राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के तहत आशीष नगर रिसाली में एएलएफ की अध्यक्ष ललिता सिंह एवं उनके समूह के सदस्य ईश्वरी, संध्या मडलोई के द्वारा निगम आयुक्त को गोबर से बने दीए भेट स्वरुप दिए गए। इस दौरान प्रमुख रुप से भूरेश देवांगन, कुंजेश्वरी साहू, अरुणा घृतलहरे, ललिता साहू, पूनम कौशल आदि उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
पंजी. 202011100400151
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सरिता साहू जौ. शत्रुहन साहू निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 285/4 रकबा 0.0050 हें/ 547 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
पंजी. 202011100400089
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री जगदीश प्रसाद यादव आ. हीरालाल यादव निवासी न्यू आदर्श नगर सड़क 2 दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 177/1 रकबा 0.2160 हें/ 5000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
पंजी. 202011100400115
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती दिलीप कौर जौ. जसवंत सिंह निवासी संतराबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 255/2 रकबा 0.048 हें/ 5200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
पंजी. 202011100400173
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भगवाना यादव आ. अनिरुद्ध यादव निवासी बोरसीभाठा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 266/33 रकबा 0.017 हें/ 1890 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा-पत्र**
रा.प्र.क्र. | पक्षकार का नाम: शुभ लाभ एसोसिएट्स श्रीमती प्रीति बाला | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202011100400064
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती प्रीति बाला साहू आ. श्री प्रवण कुमार साहू निवासी दयानगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग | 280/3 | 0.010 हें 1076 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा-पत्र**
रा.प्र.क्र. | पक्षकार का नाम: श्री प्रमोद रणनवरे | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202011100400109
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रमोद रणनवरे आ. रामराव रणनवरे निवासी 117 हुडको सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग | 1169/8 | 0.022 हें 2400 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा-पत्र**
रा.प्र.क्र. | पक्षकार का नाम: श्री योगेन्द्र कुमार साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202011100400110
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री योगेन्द्र कुमार साहू आ. स्व. एच.एस. साहू निवासी हुडको सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग | 1169/30 | 0.020 हें 2200 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री धीरज लाल मालेकर आ. श्री नकुल मालेकर साकिन दुर्गा चौक मरोदा टैक भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 19/22 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 224/10 रकबा 0.014 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता सहदेव आ. डमनलाल से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 04.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री प्रमोद कुमार कोसरे आ. स्व. कार्तिकराम कोसरे व अन्य 03 साकिन ग्राम उमरपोटी के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 601/3, 601/2, 600/3 कुल रकबा 0.40, 0.80, 0.40 हे. मे से 0.40, 0.20, 0.20 हे. भूमि विक्रेता दिनेश कुमार मिश्रा पिता श्री बृजभूषण मिश्रा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20.10.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 12.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 27.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्रं./अ-27/वर्ष 2020-21
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरज कुमार आ. धनोहर निवासी मिलपारा उतई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रं.. में दर्ज भूमि खसरा नंबर 840, 140/2 रकबा 0.4200, 0.6000 हे. भूमि जो कि आवेदक सूरज कुमार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमि का पूर्व में हुए आपसी बटंवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सो में खाता विभाजन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 04.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202011100700029
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ललिता बाई साहू पति नेतराम साहू निवासी ग्राम शिवनगरे तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/392 रकबा 0.0080 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 05.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
मा.क्रं. 202011101200009
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
चन्दखुरी प.ह.न. 00029(1070(0.3430हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- तपन मिश्रा
अनावेदक पक्षकार-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तपन मिश्रा पिता प्रणिनाथ मिश्रा निवासी काली बाड़ी मंदिर पद्मनाभपुर ग्राम चंदखुरी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1070/1 रकबा 1150 वर्गफीट भूमि विक्रेता संतोष गुप्ता पिता एचके गुप्ता से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.09.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.11.2020 को जारी किया जाता है।
मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
मा.क्रं. 202011101200015
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
चन्दखुरी प.ह.न. 00029(1070(0.3430हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- गौरी कसेर
अनावेदक पक्षकार-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गौरी कसेर पति मनीष कसेर ग्राम चंदखुरी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1070/1 रकबा 1035 वर्गफीट भूमि विक्रेता संतोष गुप्ता पिता एचके गुप्ता से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 31.10.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.11.2020 को जारी किया जाता है।
मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.//अ-21/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनारायण आ. परदेशी वगेरह साकिन चिखली द्वारा ग्राम चिखली प.ह.न. 11 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 64 रकबा 0.41 हे. को अस्वस्थ रहने के कारण दवाईयां आदि घरेलू आवश्यकता होने से श्रीमती दुर्गा देवी आ. प्रताप के पास विक्रय करने की अनुमति दिए जाने के संबंध में कलेक्टर महोद्य को प्रेषित आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति दिए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.//अ-21/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बनबाई ध.प. सुमेरी वगै. साकिन चिखली द्वारा ग्राम चिखली प.ह.न. 11 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 110 रकबा 1.01 हे. को अस्वस्थ रहने के कारण दवाईयां आदि घरेलू आवश्यकता होने से श्रीमती दुर्गा देवी आ. प्रताप के पास विक्रय करने की अनुमति दिए जाने के संबंध में कलेक्टर महोद्य को प्रेषित आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति दिए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.//अ-21/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार आ. शिवनारायण वगेरह साकिन सिरसाखुर्द द्वारा ग्राम सिरसाखुर्द प.ह.न. 09 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 806 रकबा 0.42 हे. को अस्वस्थ रहने के कारण दवाईयां आदि घरेलू आवश्यकता होने से श्रीमती दुर्गा देवी ध.प. अजय चौहान के पास विक्रय करने की अनुमति दिए जाने के संबंध में कलेक्टर महोद्य को प्रेषित आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति दिए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21
ई.पंजी.- 202011101200014
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा बाई मंडले पति श्री मनोहर मंडले पिता स्व. मेहत्तर निवासी ग्राम निकुम तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदिका एवं अन्य के शामिल सरिक नाम हक व कब्जे की भूमि मौजा निकुम प.ह.न 33 स्थित भूमि खसरा नंबर 1018, 1164/1, 1427/1 स्थित है। राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम एवं अन्य खातेदारों का नाम गलत दर्ज किया गया है। जिसमें उमेश बाई पिता स्व. लतला का सही नाम उमेश्वरी पिता लतला है। पिंकी पिता स्व. लतला का सही नाम सरस्वती पिता लतला है। राधाबाई पिता मेहत्तर का सही नाम रेखाबाई पिता मेहत्तर आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में है। राजस्व अभिलेख में नाम सुधार किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 19.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 02.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
मा.क्रं. 202011101000054
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
जामुल प.ह.न. 00018 (हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- दुर्गाप्रसाद निर्मल
अनावेदक पक्षकार-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गा प्रसाद निर्मल पिता स्व. सुकालू निर्मल एवं अन्य पता जामुल द्वारा ग्राम जामुल प.ह.न. 18 रा.नि.मं. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि भूमि खसरा नंबर 350/4, 481/3, 1172/1 एवं 1184/1 रकबा 0.234, 0.341, 0.164, 0.226 कुल 0.965 हे. जो उसके सुकालू पिता रामदयाल नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी सुकालू पिता राम दयाल की मृत्यु दिनांक 30.11.2018 को होने से मृतक भूमिस्वामी के द्वारा अपने मृत्यु पूर्व वसीयत नामा निष्पादित किया गया था मृतक भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर वसीयत के आधार पर नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.11.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.11.2020 को जारी किया गया है।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डुम्मनलाल साहू आ. स्व. भुवनलाल साहू निवासी मंडल निवासी नयापारा वार्ड क्रं. 1 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित खाता क्रमांक 4035 खसरा नंबर 1/13, 13/1, 22/2(31/2), 117, 119/1, 211/13, 294/2, 294/4, 331, 333 कुल खसरा 10 रकबा क्रमशः 0.417, 0.105, 0.627, 0.085, 0.006, 0.474, 0.583, 0.018, 0.405, 0.829 हे. कुल रकबा 3.459 हे. व खाता क्रमांक 10498 में दर्ज खसरा नं. 11/1, 13/2, 23, 25, 27, 29/3, 31/5, 163, 217, 294/5 कुल खसरा 10 रकबा क्रमशः 0.020, 0.105, 0.429, 0.045, 0.142, 0.281, 0.445, 0.077, 1.643, 0.533 हे. कुल रकबा 3.720 हे. भूमि जो कि आवेदकगण के नाम पर शामिलात रुप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के आपसी सहमति के आधार पर खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 09.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

## न्यूज गैलरी

### पेपर मिल में युवती का दुपट्टा मशीन के बेल्ट में फंसा, घायल

**रायपुर।** पेपर मिल में काम करने के दौरान युवती का दुपट्टा मशीन के पट्टा में फसने की वजह से घायल हो गई। घटना की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। 7 नवंबर को सीजी पेपर मिल धरसींवा तरपोंगी में काम करने के दौरान शाम 7.30 बजे कुमारी पुन्नी बाई 19 वर्ष पिता प्रदीप शर्मा मशीन के पट्टा में दुपट्टा फंस जाने की वजह से प्रार्थिया घायल हो गई। पीड़िता पेपर मिल में काम करने लिये बैठी हुई थी इसी दौरान अचानक दुपट्टा पीछे से मशीन की बेल्ट में फंस गया ,जिसके चलते उसके गले में गहरे निशान हो गए व बेहोश हो गई। साथ काम करने वाले लोगों ने दौड़कर मशीन बंद किया जिसके बाद उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने पेपर मिल के प्रबंधक के खिलाफ काम कराने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान ना रखना व लापरवाही पूर्वक काम कराने के जुर्म मं धारा 287,337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला के पर्स से नगदी व सोने का झुमका चोरी

**रायपुर।** बाजार गई महिला के पर्स से खरीदी के दौरान नगदी व सोने का झुमका चोरी कर लेने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। शिवनगर हाण्डीपारा आजाद चौक मोहम्मद अल्ताफ 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की मां तकरीस फातिमा 8 नवंबर को सामान खरीदने बाजार गई थी। सामान खरीदने के दौरान सुमीत सेल के पास पर्स में रखा सोने का झुमका एवं नगदी 7 हजार कुल 30 हजार की किसी ने चोरी कर ली।

### दो बाइक में अज्ञात ने लगाई आग

**रायपुर।** निर्माणाधीन मकान के पास खड़ी दो बाईक में किसी ने आग लगाकर जला देने से करीब 50 हजार रुपयें के नुकशान होने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। ग्राम सिंधोरा थाना पलारी बलौदाबाजार निवासी गेंदलाल यादव 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी मजदूरी का काम करता है। 7 नवंबर को रात्रि 12 बजे अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 0958 एवं साथी की मोटरसाइकिल मेस्ट्रों क्रमांक सीजी 04 एमएफ 3428 को अपने रावतपुरा फेस-2 में निर्माणाधीन मकान के सामने के सामने खड़ी कर सो गए थे। देर रात में अचानक कुछ फटने का तेज आवाज आने पर बाहर निकलकर देखने पर दोनों बाईक में आग की लपटों में जल रही थी। जिसके बाद प्रार्थी ने अपने साथी के साथ आग बुझाया। किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाईक में आग लगाकर जला दिया।

# शहर के मुख्य बाजारों की टॉवर से होगी निगरानी

## अपील- खतरा अभी टला नहीं, लोग बिना मास्क के न निकले, कलेक्टर ने ली स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** रायपुर जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न कदम उठाये जा रहे हैं और लोगों को कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर को अपनाने के लिए विभिन्न माध्यमों से लगातार जागरूक किया जा रहा है। जिले में कोरोना संक्रमण के दौरान विगत 5-6 महीने से अनलॉक अवधि में स्वयं सेवी संस्थाओं (एन जी ओ) से भी काम लिया गया है। आमजनों को जागरूक करने और विभिन्न तरीके से सेवाए देने में एन जी ओ ने भी अहम भूमिका निभाई है।

उपरोक्त बातें कलेक्टर डॉ.एस.भारतीदासन ने आज कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभा कक्ष में जिले में कार्यरत एन जी ओ संगठन के प्रतिनिधियों की बैठक में कहा। उन्होंने कहा कि एन जी ओ के सदस्य जनता के समीप जाने वाले लोग है। वर्तमान में त्यौहार आदि के कारण पिछले महीने से बाजार में भीड़ बढ़ गई है। हम सभी को यह याद रखना है और सचेत रहना है कि अभी कोरोना का खतरा अभी टला नहीं हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए लोगों को एकबार फिर से जागरूक करना आवश्यक हो गया है। लोग बेपरवाह बाजारों में घुम रहे है। दोबारा कोरोना संक्रमण फैलाव रोकने के लिए सावधानी रखने, मास्क लगाकर रहने और 6 फिट की दूरी बनाये रखने की जरूरत है। कलेक्टर ने बताया कि एन.जी.ओ के वालिंटियर के माध्यम से शहर के भीड़ वाले बाजारों जैसे शास्त्री मार्केट, गोल बाजार, पण्डरी, तेलीबांधा, कटोरा तालाब, मालवीय रोड, स्टेशन रोड, बूढ़ा तालाब, सुन्दर नगर, डी.डी. नगर आदि जैसे स्थानों पर टॉवर बनाकर माइक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। उन्होने कहा कि जनता को भी अपनी जवाबदारी समझना होगा तथा कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह, निगम आयुक्त श्री सौरभ कुमार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और एन जी ओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राज्य को कृषि बीज उत्पादन में बनाएं आत्मनिर्भर : मंत्री चौबे

**छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक सम्पन्न**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने बीज भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के संचालक मंडल की 50वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बीज उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग एवं बीज निगम के अधिकारियों को राज्य के किसानों को समय पर कृषि आदान सामग्री एवं कृषि यंत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ हर हाल में किसानों को मिले, यह सरकार की मंशा है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। राज्य में कृषि बीज निर्बाध उपार्जन के लिए उन्होंने आवश्यकतानुसार बीज निगम की कैश क्रेडिट लिमिट में भी वृद्धि किए जाने की सहमति दी।

मंत्री चौबे ने राज्य के जिलों में स्थित बीज निगम के प्रक्रिया केन्द्रों के काम-काज पर निगरानी एवं समन्वय के लिए संबंधित जिलों के उपसंचालक कृषि को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए।

संचालक मंडल की बैठक में 49वीं बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन करने के साथ ही कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मर्रा को सीएसआर मद से 71.20 लाख रूपए की राशि लैब इक्यूप्मेंट, कृषि मशीनों के संचानल एवं रख-रखाव, प्रशिक्षण तथा मशरूम उत्पादन पर कृषकों को ट्रेनिंग दिए जाने के उद्देश्य से प्रदाय किए जाने का अनुमोदन किया गया है। बैठक में संचालक मंडल ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के एग्रो प्रकोष्ठ की कार्य प्रणाली में बदलाव, बीज निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए प्रोत्साहन राशि देने का भी निर्णय लिया। बैठक में खरीफ सीजन 2020 में बीजों के भण्डारण एवं वितरण तथा रबी 2020-21 में विभिन्न फसलों के बीज के भण्डारण एवं वितरण की स्थित पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### राज्य में किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

*उन्होंने कहा कि कृषि मौसम के अनुसार प्रत्येक फसलों के बीज का आंकलन एवं उसकी डिमांड तैयार करने की जिम्मेदारी कृषि विभाग की है। इसमें किसी भी तरह का विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को समय से पूर्व समितियों में खाद बीज के भण्डारण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने किसानों को समितियों अथवा निजी विक्रेताओं द्वारा प्रदाय किए जाने वाले खाद, बीज एवं कृषि यंत्रों की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखने की हिदायत अधिकारियों को दी। कीटनाशक दवाओं की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर भी अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री श्री चौबे ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी दुकान अथवा सप्लायर के यहां क्वालिटी एवं रेट के बारे में किसी भी तरह की गड़बड़ी पाई जाए तो संबंधित फर्म को सील करने के साथ ही उसके संचालक पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

**चेम्बर चुनाव 2020**

# रायपुर और अन्य जिलों में चुनाव अधिकारी मनोनीत

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव अधिकारियों की दिनांक 06 नवंबर 2020 को चेम्बर कार्यालय में शाम 4 बजे बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने चुनाव संपन्न कराने हेतु मनेन्द्रगढ़ में सुरेश कुमार अग्रवाल, रमेशचन्द्र सिंग (एडवोकेट), बिलासपुर में संजय मित्तल, छेदीलाल सराफ, घनश्यामदास लालवानी (सी.ए.), रमेश वाधवानी, रायगढ़ में बाबूलाल अग्रवाल (एडवोकेट), सुभाष अग्रवाल को स्थानीय स्तर पर चुनाव संपन्न करवाने हेतु निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया।

रायपुर में महावीर तालेड़ा, संजय देशमुख, अनिल जैन (कुचेरिया) एवं विजय जैन को सहायक निर्वाचन अधिकारी के पद पर मनोनीत किया गया। रायपुर से बाहर मनेन्द्रगढ़, रायगढ़, बिलासपुर जिलों में मतदान केन्द्र बनाया जायेगा वहां प्रशासनिक व्यवस्था एवं मतदान केन्द्र की जिम्मेदारी उपरोक्त निर्वाचन अधिकारियों को दी गई। प्रकाशचन्द गोलछा प्रमुख सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मंगलवार 10 नवम्बर को धमतरी, दुर्ग, भिलाई, नांदगांव क्षेत्र के मतदान स्थल निरीक्षण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के साथ संतोष गोलछा (सी.ए.), बालकृष्ण दानी, अनिल जैन (कुचेरिया) प्रवास पर जायेंगे।

# केंद्र सरकार कैकई की भूमिका निभा रही है : विकास तिवारी

**राज्य के बीजेपी के शीर्ष नेता मंथरा जैसा कर रहे हैं व्यवहार**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जहां एक ओर प्रदेश भाजपा कह रही है कि किसानों के द्वारा अपनी फसल की कटाई किया जा चुकी है वही दूसरी ओर केंद्र की मोदी सरकार को राज्य की भूपेश सरकार के द्वारा किसानों की फसल खरीदी हेतु साढ़े चार लाख बारदाना गठानों की आवश्यकता बताई गई थी, जिसके की एवज में मात्र डेढ़ लाख बारदाना गठानो की उपलब्धता केंद्र सरकार द्वारा कराई गई जिसमें कि मात्र अड़तालीस हजार बारदाना गठानों को प्रदेश में भेजा गया है जो कि भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। केंद्र की मोदी सरकार भगवान राम के ननिहाल कौशल प्रदेश छत्तीसगढ़ के साथ कैकई जैसा व्यवहार कर रहे है। तिवारी ने कहा कि भगवान राम के ननिहाल के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार जायज नहीं है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेता केंद्र सरकार के कैकई रूपी व्यवहार का साथ मंथरा बन के दे रहे है। प्रदेश के भाजपा नेता द्वारा भ्रामक प्रचार करके किसानों को बरगलाया जा रहा है, जबकि प्रदेश के किसान यह जान चुके हैं कि केंद्र की मोदी सरकार का व्यवहार किसान विरोधी है और प्रदेश के सरकार द्वारा मांगे गए साढ़े चार लाख बारदाना गठानों की उपलब्धता जानबूझकर नहीं कराई गई जिस पर मंथरा जैसा रूप धर प्रदेश के भाजपा नेता व्यवहार कर रहे हैं जो कि अनुचित है, उन्हें केंद्र की मोदी सरकार को प्रदेश के वस्तुस्थिति को स्पष्ट रूप से बताना चाहिये।

# कोरोना संकटकाल में भी हजारों बुनकरों को मिल रहा रोजगार, सीएम का जताया आभार

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष मोतीलाल देवांगन द्वारा सोमवार को दोपहर 12.00 बजे संघ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की संघ कार्यालय न्यू राजेन्द्र रायपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व प्रथम मुख्यमंत्री महोदय भूपेश बघेल की कृपा से बुनकरों को रोजगार मिले इस हेतु आगामी वर्ष के लिये अग्रिम रूप से गणवेश वस्त्र आदेश प्रदान किये है, जिसके कारण कोरोना के संकटकाल में भी हजारो बुनकरों को रोजगार मिल रहा है इसके लिए अध्यक्ष देवांगन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी बुनकर समितियों के बकाया मजदूरी भुगतान दीवाली त्यौहार के मद्देनजर अविलंब करने के निर्देश दिए।

बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिकारियों को महिला एवं बाल विकास विभाग के साड़ी तथा स्कूल शिक्षा विभाग का गणवेश समय-सीमा पर आपूर्ति करने निर्देश दिया गया, जिस पर नव नियुक्त अधिकारी सचिव एन.के. चन्द्राकर द्वारा बताया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग को 3.72 लाख नग साड़ी आपूर्ति किया जाना है उसमें से 1.00 लाख नग माह नवम्बर 2020 तक आपूर्ति हो जायेगा तथा शेष साड़ी का उत्पादन माह दिसम्बर तक हो जायेगा उसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग से 61.42 लाख गणवेश सेट का मांग आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें से 57.42 लाख सेट आपूर्त की जा चुकी है तथा शेष गणवेश 4.00 लाख सेट माह नवम्बर में आपूर्ति कर दी जावेगी। कोरोना काल के कारण परिवहन एवं समस्या के कारण आपूर्ति में विलंब हो रहा है। उत्पादन प्रभारी श्रवण देवांगन ने जानकारी दी कि 6500 कि.ग्रा. कोसा धागा कोसा क्षेत्र के बुनकरों को रोजगार से जोड़ने एवं घरेलू बाजार के साड़ी उत्पादन हेतु 8500 कि.ग्रा. काटन धागा एन.एच.डी.सी. के माध्यम से क्रय करने आदेश दे दिया गया है जिससे लगभग माहभर में 1000 करघो के माध्यम से 4000 बुनकरों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। अधिकारियों ने बैठक में अध्यक्ष महोदय मोतीलाल देवांगन को बताया कि इस वर्ष कोरोना काल होने के कारण विभागों को वस्त्रो की आपूर्ति में विलंब हुआ है किन्तु अब शीघ्रता से मांग अनुसार आपूर्ति कर दिया जावेगा।

**दक्षिण बस्तर के 3 ब्लाकों तक सीमित माओवाद भाजपा सरकार के 15 साल के कार्यकाल में 14 जिलो तक फैला**

# रमन सिंह ने घुटने टेके तभी तो माओवाद बस्तर से कवर्धा तक पहुँचा : त्रिवेदी

- **कांग्रेस पर सरोज पांडेय के आरोप गैरजिम्मेदाराना और निराधार**
- **सरोज पांडे से सवाल: क्या झीरम की घटना रमन सिंह के माओवादियों से लड़ने का सबूत है?**

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह ने माओवादियों के आगे घुटने टेकने का काम किया तभी तो दक्षिण बस्तर के 3 ब्लाकों तक सीमित माओवाद भाजपा सरकार के 15 साल के कार्यकाल में 14 जिलों तक फैला। कांग्रेस माओवाद के खिलाफ लड़ाई और इस समस्या के समाधान के लिये प्रतिबद्ध है। इसीलिये कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इसका स्पष्ट उल्लेख किया है। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों में माओवाद के खिलाफ लड़ाई कमजोर हुई। मोदी सरकार ने माओवाद के खिलाफ लड़ाई के लिये राज्यों को संसाधन और सुरक्षा बलों की उपलब्धता में कटौतियां कर दी। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने देश की आंतरिक सुरक्षा और आंतरिक आतंकवाद से लड़ने के लिये राष्ट्रीय आतंक विरोधी दस्ते का एनसीटीसी का निर्माण किया था, मोदी सरकार के आने के बाद इसको बंद कर दिया गया। रमन राज में माओवाद का फलना फुलना भाजपा से माओवादियों की सांठगाठ को दर्शाता है। नक्सलियों से संबंध और सांठ-गांठ तो भाजपा और उसके नेताओं के रहे है। भाजपा के बड़े नेता रामविचार नेताम ने माओवादियों को 4 लाख चंदा दिया था। रामविचार नेताम माओवादियो को चंदा देते थे और बकायदा रसीद पकड़ाई थी। 2004 की विधानसभा की कार्यवाही में यह बात पर चर्चा भी हुयी थी। कांग्रेस द्वारा जांच की मांग को स्वीकार न कर भाजपा के बड़े नेता रामविचार नेताम द्वारा माओवादियों को चंदा देने के मामले को दबाया गया। शुभांशु चौधरी की किताब ''उसका नाम वासु नहीं है'' के पृष्ठ क्रमांक 101 में माओवादी नेता रमन्ना के हवाले से लिखा है कि लता उसेन्डी के पिता नारायणपुर में माओवादी साहित्य का प्रकाशन करते थे। मोआवादी नेता रमन्ना ने भाजपा के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेन्डी के घर आने-जाने रहने और उनके हेडमास्टर पिता के साथ भोजन करते रहने की बात लिखी है। कभी किसी भी भाजपा नेता ने इस लेखन पर आपत्ति भी दर्ज नहीं की है जिस कांग्रेस के नेताओं की माओवादी घटनाओं में शहादत हुयी है भाजपा नेता सरोज पांडेय उस पर गैर जिम्मेदाराना निराधार आरोप लगा रही हैं।

भाजपा नेता सरोज पांडेय से प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूछा है कि क्या झीरम की घटना रमन सिंह के माओवादियों से लड़ने का सबूत है?सरोज पांडेय बतायें कि 4 ब्लाक का नक्सलवाद कैसे 14 जिलों तक पहुंच गया? यूपीए सरकार द्वारा गठित एनसीटीसी देश की आंतरिक सुरक्षा और आंतरिक आतंकवाद से लड़ने के लिये राष्ट्रीय आंतक विरोधी दस्ते का एनसीटीसी का निर्माण किया था, मोदी सरकार के आने के बाद इसको बंद कर दिया गया। रमन सिंह द्वारा राजनैतिक विद्वेष के कारण हटाई गयी सुरक्षा के कारण कांग्रेस के नेताओं की पूरी एक पीढ़ी की हत्या नक्सलियों के द्वारा झीरम घाटी में कर दी गयी। जिनका नाखून भी नही कटा वह सिर कटाने वालों पर आरोप लगायें इससे ज्यादा गैर जिम्मेदाराना और कुछ भी नहीं हो सकती।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा की रमन सिंह सरकार ही जिम्मेदार रही है छत्तीसगढ़ में माओवाद विस्तार के लिये, माओवाद के फलने-फूलने के लिये। छत्तीसगढ़ में माओवाद के बढ़ने के लिये भाजपा सरकार की गलत नीतियां और भाजपा के नेताओं की माओवादियो से मिलीभगत जिम्मेदार रही है। कांग्रेस ने तो अपनी पूरी पीढ़ी को गंवाया है, माओवादियों के हाथों। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आज बस्तर में जो स्थितियां बेहतर हुई हैं। आदिवासियों का जनजीवन सुरक्षित हुआ है लेकिन यह बात भाजपा को हजम नहीं हो रही है क्योंकि साफ़ दिख रहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा में बढ़ोत्तरी के लिये भाजपा की ग़लत नीतियां ही जिम्मेदार थीं।

# राजकुमार कॉलेज Crisis शिखर सम्मेलन का हुआ समापन

**रायपुर।** मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का द्वितीय संस्करण राजकुमार कॉलेज Crisis सम्मेलन 7 एवं 8 नवम्बर को आयोजित किया गया। इस सफल सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने विचार एवं सुझाव अत्यंत रचनात्मक रूप से साझा किये। यह अवसर राजकुमार कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्रों को धन्यवाद करने का है, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से इस शिखर सम्मेलन को सफलता के नये आयाम प्रदान किये। द्वितीय दिवस की गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं- प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल(सेवानिवृत) अविनाश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने इस ऑनलाइन Crisis सम्मेलन का आयोजन संपन्न कर सराहनीय एवं लेखनीय कार्य किया है। समस्त राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने उच्च स्तरीय वाद-विवाद का प्रदर्शन किया। छात्रों का उत्साह एवं उनके द्वारा प्रस्तुत किये गए तर्क उच्च स्तरीय थे। उपप्राचार्य शिवेंद्र एन. एस. देव ने प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत की गई अपनी समझ की प्रशंसा की है।

धन्यवाद प्रस्ताव राजकुमार कॉलेज के भूतपूर्व छात्र यश मजीठिया (सलाहकार,कार्यक्रम) द्वारा प्रस्तुत किया गया। 6000/- एवम् 2500/- के नगद पुरस्कार क्रमशः सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि एवं सराहनीय प्रतिनिधि को प्रदान किये गए7 राजकुमार कॉलेज के जनरल काउंसिल के अध्यक्ष महाराजा श्री टी.एस. सिंह देव ,सरगुजा एवं मैनेजिंग कमेटी के चेयरमेन राजा श्री त्रिबिक्रम चन्द्र देब,बाड़म्बा ने दो दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई प्रेषित की। आयोजन समिति के सदस्यों को प्रातिभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किये गए।

निम्नलिखित छात्रों के उत्साही प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल हो पाया- कु. सौम्या पाठक, ऋषि पिंजानी, कु. कनक काले, प्रेम मजीठिया, कु. अक्षिता महेश्वरी, रुद्राक्ष लकरा एवं अधिराज वी. सिंह। विशेष धन्यवाद सुश्री मंदीप कौर (मुख्य तकनीकी सलाहकार) एवं उनकी समस्त टीम को ज्ञापित किया जाता है7जिन्होंने पूर्ण कार्यक्रम में अपना अमूल्य सहयोग दिया। यह सम्पूर्ण शिखर सम्मेलन हेड जूनियर स्कूल राजकुमार कॉलेज, रायपुर श्रीमती चितवन सिंह के अथक परिश्रम, कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रेरणा के चलते संपन्न हो पाया।

## संपादकीय

# पटाखे को लेकर गाइड लाइन

इस दीपावली पर कई राज्यों में पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कुछ राज्यों में पटाखे चलाने की समय सीमा निर्धारित की गई है। देश में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण और कोरोना संक्रमित मरीजों को पटाखों से निकलने वाले जहरीले धुएं से होने वाली दिक्कतों को मद्देनजर रखकर नेश्नल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गाईड लाईन जारी की है। जिन राज्यों में वायु प्रदूषण ज्यादा है वहां दीपावली पर पटाखे बेचना और चलाना प्रतिबंधित कर दिया गया है। राजस्थान और उड़ीसा सरकार ने पहले ही अपने राज्यों में पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। अब नेश्नल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने देश की राजधानी नई दिल्ली में भी पटाखों की बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी है। इस फैसले से पटाखा व्यवसायियों में असंतोष देखा जा रहा है जिन्होने पहले की करोड़ो रूपए के पटाखे खरीद रखे है अब उनकी समस्या यह है कि पटखे बेचने पर रोक लेगने से उन्हे भारी नुकसान होगा और इसकी भरपाई कौन करेगा। व्यवसायियों की पीढ़ा स्वाभाविक है यदि इस तरह का प्रतिबंध लगाना था तो पहले की इसकी घोषणा की दी जानी चाहिए थी ताकि व्यवसायियों का नुकसान नहीं होता। वैसे नई दिल्ली में पटाखों पर रोक लगाने का फैसला सही है। ठंड के मौसम में नई दिल्ली का वायु प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है ऐसी स्थिति में यदि दीपावली पर बड़ी संख्या में पटाखें फोड़े जाएंगे तो वहां लोगों का सांस लेना भी दुभर हो जाएगा। बहरहाल जिन राज्यों में वायु प्रदूषण का स्तर ज्यादा खराब नहीं है वहां के लिए भी गाईडलाईन जारी की गई है जिसके मुताबिक दीपावली, छठ पर्व, गुरूपर्व और नए साल पर सिर्फ दो घंटे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी गई है, इस दौरान भी तेज आवाज वाले पटाखे चलाने की इजाजत नहीं है। नेश्नल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी इस गाईड लाईन का सख्ती पूर्वक पालन कराया जाएगा तभी इसकी उपयोगिता है। गौरतलब है कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने भी रात्रि दस बजे के बदा पटाखे न चलाने की हिदायत दी थी लेकिन लोगों ने आधी रात के बाद तक जमकर पटाखे फोड़े थे और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाकर रख दी थी, इस बार भी ऐसा न हो इसके लिए शासन प्रशासन को मुस्तैदी दिखानी होगी तभी पटाखों पर पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध का कोई नतीजा सामने आएगा और वायु प्रदूषण कम होगा।

## विचार

# कोरोना से आगे

डब्लूएचओ का इशारा सिर के बल खड़ी इस प्राथमिकता को वापस पैरों पर लाने का है। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से वास्ता रखने वाली छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करने वाली विश्वसनीय और कारगर स्वास्थ्य सेवा विकसित किए बगैर हम न तो आम लोगों का जीवन स्तर सुधार पाएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि सरकारों को अपना ध्यान आने वाली महामारियों की तैयारी पर लगाना चाहिए। उसके बयान का संदर्भ आज से शुरू हो रही वर्ल्ड हेल्थ असेंबली से जुड़ा है, जो हर साल जिनीवा में होती है। कोरोना की मजबूरियों के चलते इस बार यह बैठक ऑनलाइन हो रही है। बहरहाल, डब्ल्यूएचओ की यह हिदायत ऐसे समय आई है जब कई देशों में कोरोना की दूसरी लहर आने की खबर सुर्खियों में है। एक महामारी जब पहले से ही लोगों के सिर पर हो तो आगे की महामारियों पर चर्चा करना खुद में अटपटा जान पड़ता है।

## एक दिन मरज़ाऊंगा....?

गजेन्द्र सिंह गज्जू

यह दुनिया का दस्तूर है कुछ न लेके आया था कुछ न लेके ज़ाऊंगा बस मैं एक दिन मर ज़ाऊंगा। रह ज़ाएगे फ़ेसबुक,व्हॉटसप के सारे मैसेज़ UNSEEN कई सारे रह ज़ाएगी वो तस्वीर जो ध्क्क में लगाया करते हैं कई सारी... कुछ यादें बस दे के ज़ाऊंगा बस मैं एक दिन मर ज़ाऊंगा।। रह ज़ाएगा आपसे कुछ कहने को... रह ज़ाएगी ज़िन्दगी की कुछ बाते लिख़ने को... कुछ मैसेज यूं हवा में तैरेंगे,जब उसे रिसीव करने वाला मोबाइल कभी न ख़ुलेगा... चाहने बाले लोग मुझे मिस करें य नहीं..पता नहीं? फ़िर आएगी एक पोष्ट, जो यह सब को बताएगी कि मैं मर गया हूं... और फ़िर मुझे चाहने और न चाहने बाले लोग कमेंट में RIP! लिख़कर श्रध्दांजली अर्पित करेंगे... कुछ मेरी ID टैग करके पोष्ट ड़ालेंगे,कुछ मेरी टाइमलाइन पर,कुछ मेरी,प्रोफ़ाइल की फ़ोटोज पर करेंगे कमेंट.'÷गजेन्द्र भाई'÷ पर तब तक बड़ी देर हो चुकी होगी! मुझे इस रंग-मंच भरी दुनिया से मुक्त कर चुके होंगे! फ़िर लोग,फ़रिस्ते गिनेगे मेरे हर गुनाह...और कुछ मेरी नेकियां! फ़िर सुरू होगा मुझे सज़ा मिलेगी या इनाम बाला ढ़ोग... तब तक हम वहां बिज़ी हो चुके होंगे! फ़िर निकल पड़ोगे रोज़मर्या की ज़िन्दगी के लिए शुकून तलासने,फ़िर वही ञ्त्रक्क बटोरने,कहीं लव रिएक्ट पाने... ये हमेशा चलता रहेगा...यही दुनिया है सच़ तो ये है कुछ नही बदलेगा,मेरे मरने पर,सच ये भी है सब वहीं होंगे जहां आज हैं... लेकिन सच ये भी है मेरा मरना ख़लेगा तुम सबको! कुछ दोस्त कहेगे कि इतनी आसानी से नहीं मरना था यार...हां!हां सब को ख़लेगा! इतना जितना कि दस लव रिएक्ट्स के बीच एक लाइक ख़लता है...इतना कि व्हॉटसप में मैसेज़ का सीन न होना ख़लता हो...इतना जितना लड़कियों के ब्लाक करने पर ख़लता है...इतना जितना किसी अपने के दूर जाने पर ख़लता है...पर यूं एक दिन मर ज़ाऊंगा... बस एक दिन मर ज़ाऊंगा.... !

योगेश कुमार गोयल

राजस्थान में गुर्जर आन्दोलन की रूपरेखा 17 अक्तूबर को उसी समय तय हो गई थी, जब भरतपुर में हुई महापंचायत में गुर्जर समुदाय ने 6 मांगों को लेकर हुई महापंचायत में सरकार को एक नवम्बर तक का अल्टीमेटम दिया था। उस महापंचायत में 80 गांवों के पंच पटेल शामिल थे और उस दौरान कर्नल किरोड़ी बैंसला ने एक नवम्बर तक मांगें नहीं माने जाने पर आन्दोलन करने और चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। गुर्जर समाज की मांगों की बात करें तो उनकी प्रमुख मांगों में एमबीसी आरक्षण को केन्द्र की 9वीं अनुसूची में शामिल करने, समझौते और चुनावी घोषणापत्र में वादों के मुताबिक बैकलॉग भर्तियां निकालने और सभी भर्तियों में पांच फीसदी आरक्षण का लाभ देने, एमबीसी कोटे से भर्ती हुए 1252 कर्मचारियों को नियमित करने, पहले हुए गुर्जर आन्दोलनों में मारे गए युवाओं के परिजनों को नौकरी और मुआवजा देने, आन्दोलन के तहत दर्ज मुकदमे वापस लेने, देवनारायण बोर्ड गठन करने जैसी मांगें शामिल हैं।

# आसान नहीं है गुर्जर आरक्षण की राह

राजस्थान में गुर्जर आरक्षण को लेकर आन्दोलन तेज है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक कर्नल किरोड़ी बैंसला का कहना है कि दो वर्षों से समाज को सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, इसलिए मजबूरी में उन्हें आन्दोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। हालांकि एक नवम्बर से जारी इस आन्दोलन से पहले ही गुर्जर समाज इस आन्दोलन को लेकर दोफाड़ हो गया है, जिनमें से एक खेमा 31 अक्तूबर को सरकार के साथ कुछ बिन्दुओं पर सहमति बनने के बाद समाज हित में आन्दोलन खत्म करने की अपील कर रहा है तो कर्नल बैंसला के नेतृत्व में दूसरा खेमा आन्दोलन को उग्र रूप देने पर उतारू है। राज्य में एमबीसी (मोस्ट बैकवर्ड कास्ट) की भर्तियों सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुए गुर्जरों के इस आन्दोलन की कमान कर्नल बैंसला के पुत्र विजय बैंसला संभाले हुए हैं, जिनके नेतृत्व में गुर्जर समुदाय के लोग बड़ी संख्या में रेलवे ट्रैकों पर डटे हैं और कुछ जगहों पर फिश प्लेटें उखाड़ दी गई हैं।

राजस्थान के खेलमंत्री अशोक चांदना का कहना है कि गुर्जर समाज की ओर से 6 बिन्दुओं को लेकर वार्ता होनी थी लेकिन जब सरकार और गुर्जर समाज के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता हुई तो उनकी मांगें 14 बिन्दुओं तक पहुंच गई। उनके मुताबिक गुर्जर समाज की अन्य जो भी मांगें हैं, सरकार उन्हें भी जल्द ही पूरा करेगी। राजस्थान सरकार द्वारा 13 फरवरी 2019 को विधानसभा में एक बिल पारित कराकर राज्य में गुर्जर सहित पांच जातियों को पांच फीसदी आरक्षण का प्रावधान करते हुए केन्द्र से इस व्यवस्था को संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल करने की अपील की गई थी। राजस्थान पिछड़ा वर्ग अधिनियम 2017 के संशोधन विधेयक के रूप में गुर्जर, बंजारा, बालदिया, लबाना, गाड़िया लोहार, गाडोलिया, राईका, रैबारी, देवासी, गडरिया, गाडरी व गायरी जातियों के लिए इस आरक्षण का प्रावधान किया गया था लेकिन गुर्जर नेताओं का कहना है कि पिछले दो वर्षों से उन्हें सरकार की ओर से केवल आश्वासन मिल रहा है।

जहां तक राजस्थान में आरक्षण के लिए गुर्जरों के आन्दोलन की बात है तो वर्ष 2006 से अब तक पिछले 14 वर्षों में गुर्जर समुदाय कई बार आन्दोलन का रास्ता अपना चुका है। सबसे पहले 2006 में



गुर्जरों को अलग से आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर गुर्जरों ने आन्दोलन किया था। गुर्जरों को एसटी में शामिल करने की मांग पर शुरू हुए उस आन्दोलन के दौरान कुछ स्थानों पर रेल पटरियां उखाड़ डाली गई थी, जिसके बाद तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा उन्हें आरक्षण देने के लिए एक कमेटी बनाई गई लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकला। 2007-08 में गुर्जर आन्दोलन हिंसक होने के कारण आन्दोलनकारियों पर सख्ती के चलते 70 से भी ज्यादा लोग पुलिस और सुरक्षा बलों की गोलियों का निशाना बनकर मौत के मुंह में समा गए थे। तत्पश्चात् भाजपा सरकार द्वारा गुर्जर समुदाय को विशेष पिछड़ा वर्ग (एसबीसी) कोटे के तहत पांच प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया गया किन्तु सरकार का वह फैसला राजस्थान हाईकोर्ट में अटक गया। दरअसल उस समय गुर्जरों के लिए अलग से पांच फीसदी आरक्षण दिए जाने पर आरक्षण सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के लिए तय कुल 50 फीसदी की तय सीमा को पार कर गया था।

2010 में गुर्जर आन्दोलन ने फिर जोर पकड़ा तो गुर्जर समुदाय के दबाव में कांग्रेस सरकार ने उन्हें पांच फीसदी आरक्षण देने का वायदा किया। चूंकि आरक्षण का मामला पहले से ही अदालत में था, इसलिए गुर्जर समुदाय को अति पिछड़ा श्रेणी के तहत एक फीसदी आरक्षण का प्रावधान कर दिया गया क्योंकि उससे ज्यादा आरक्षण दिए जाने पर वह कुल आरक्षण की 50 फीसदी कानूनी सीमा से ज्यादा हो रहा था। 2015 में फिर आन्दोलन हुआ और दबाव में आकर वसुंधरा सरकार द्वारा विधानसभा में एसबीसी विधेयक पारित कर एक नोटिफिकेशन जारी कर गुर्जर सहित पांच जातियों को एसबीसी आरक्षण का लाभ दे दिया गया। हालांकि गुर्जर समुदाय को करीब 14 माह तक उसका लाभ मिला भी किन्तु कुल आरक्षण 54 फीसदी हो जाने के चलते राजस्थान हाईकोर्ट ने उसे खत्म कर दिया।

बार-बार होते रहे गुर्जर आन्दोलनों के चलते सरकारों द्वारा पांच बार आरक्षण दिए जाने के बावजूद इस समुदाय को आरक्षण नहीं मिल सका। सबसे पहले तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2008 में गुर्जरों को 5 फीसदी और सवर्णों को 14 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया था, जो जुलाई 2009 में लागू किया गया था किन्तु उस पर राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गई थी। उसके बाद कांग्रेस सरकार द्वारा गुर्जर समुदाय को विशेष पिछड़ा वर्ग कोटे में 5 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया गया और जुलाई 2012 में पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 5 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की गई लेकिन मामला पहले से अदालत में लंबित होने के चलते एक फीसदी आरक्षण दिया गया। 22 सितम्बर 2015 को भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में बिल पारित कर 5 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया, जिस प्रकार राजस्थान हाईकोर्ट ने 9 दिसम्बर 2016 को रोक लगा दी। 17 दिसम्बर 2017 को गुर्जर सहित पांच जातियों को एक फीसदी आरक्षण का बिल विधानसभा में पारित किया गया। इसी एक फीसदी आरक्षण का लाभ गुर्जर सहित पांच जातियों को अभी मिल रहा है लेकिन ये जातियां पांच फीसदी आरक्षण की मांग पर अडिग हैं।

फरवरी 2019 में विधानसभा में बिल पारित कराकर भले ही प्रदेश सरकार ने गुर्जरों को आरक्षण दिए जाने का रास्ता साफ करने के संकेत दिए थे लेकिन प्रदेश सरकार के लिए यह रास्ता इतना आसान नहीं था। उस समय बिल पारित होने से कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा भी था कि पिछली बार पांच फीसदी आरक्षण को विधानसभा में पारित कर लागू करने का प्रयास किया गया था किन्तु हाईकोर्ट द्वारा उस पर रोक लगा दी गई थी और अब गुर्जर समाज की मांग संविधान संशोधन करके ही पूरी हो सकती है। उनका कहना था कि यह बात गुर्जर नेताओं को भी मालूम है, इसलिए उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री को देना चाहिए। दरअसल संवैधानिक रूप से किसी भी राज्य में आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत तक ही हो सकती है।

श्याम सुंदर भाटिया

यूनिवर्सिटीज को कॉलेज के शिक्षकों, नॉन-टीचिंग और स्टुडेंट्स को आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अनलॉक की इस प्लानिंग में प्रशासनिक, कार्यालय, अनुसंधान प्रयोगशालाएं और पुस्तकालयों को भी शामिल किया जा सकता है। शिक्षा का रोजगार से सीधा संबध है। ऐसे में अंतिम वर्ष के छात्रों को भी शैक्षणिक कार्यों और प्लेसमेंट के लिए भी अनुमति दी जा सकती है। यूनिवर्सिटी के पास अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए भी एक योजना तैयार होनी चाहिए, जो छात्र अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रतिबन्ध या वीजा को लेकर कोर्स में शामिल नहीं हो सके हैं। सभी रिसर्च और साइंस टेक्नोलॉजी कोर्सेज पीजी स्टुडेंटन्स को पहले यूनिवर्सिटीज/कॉलेज बुलाया जा सकता है, क्योंकि इनकी संख्या दीगर कोर्स के छात्रों से कम होती है।

# अनलॉक को यस, यूनिवर्सिटी होंगी गुलजार

कोविड- 19 के चलते सात माह से सूने पड़े देशभर के विश्वविद्यालय अब चहकेंगे और महकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- यूजीसी ने यूनिवर्सिटीज अनलॉक करने की हरी झंडी दे दी है, लेकिन सशर्त सूबों की यूनिवर्सिटी खोलने से पूर्व राज्य सरकार की सहमति जबकि केंद्रीय यूनिवर्सिटीज खोलने का दरोमदार उनके कुलपतियों के विवेक पर छोड़ा गया है। अब उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टडी के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन और ऑन/ऑफलाइन के तीनों विकल्पों को अपनाया जा सकता है। ऑफलाइन स्टडी में 50 प्रतिशत स्टुडेंट्स ही यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी कैंपस, कॉलेजों या उच्च शिक्षण संस्थानों में आ सकेंगे, लेकिन इससे पूर्व यूनिवर्सिटी के आला प्रबंधन को अप्रूवल लेना होगा। इसके मुताबिक ही रोस्टर बनाना होगा। कोविड-19 के मद्देनजर हॉस्टल खोलने की भी कठोर शर्त रखी गई हैं। एक रुम में एक ही स्टुडेंट प्रवास कर पाएगा। चूँकि विश्वविद्यालय लम्बे वक्त के बाद रि-ओपन हो रहे हैं, सो छह दिन क्लासेज चलेंगी। कोर्स जल्द से जल्द कराने के लिए प्रति लेक्चर की अवधि भी बढ़ाई जा सकती है। यूजीसी ने जारी नई गाइडलाइन्स में यूनिवर्सिटीज और कॉलेजेस को स्पष्ट निर्देश दिए है, वे चरणबद्ध तरीके से क्लासेज का संचालन प्रारम्भ करें। सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क अनिवार्य होगा। आपस में 6 फिट की दूरी बनाए रखनी होगी। सिर्फवही संस्थान खोले जा सकते हैं, जो कंटेनमेंट जोन बाहर होंगे। कैंपस में आइसोलेशन सेन्टर बनाना होगा। कैंपस में एंट्री से पहले सभी छात्रों, फैकल्टीज और नॉन -टीचिंग स्टाफ की स्क्रीनिंग जरुरी है। लक्षण पाए जाने पर मेडिकल जाँच के बाद ही उन्हें कैंपस में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। कैंपस में क्वारंटीन की सहूलियत भी होनी चाहिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक मानते हैं, हमारा मंत्रालय कोविड-19 की चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। यूजीसी के बेहतर संकल्प और तमाम विकल्पों के मद्देनजर अपने परिसरों को फिर से खोलने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं। इस

नई गाइडलाइन्स को स्वास्थ्य और गृह मंत्रालय ने भी अप्रूव कर दिया है।

हकीकत यह है, पूरे देश में विश्वविद्यालयों/ कॉलेजों/ उच्च शिक्षण संस्थानों में अनलॉकिंग कोविड-19 के तेवरों पर निर्भर है। देश में करीब 1,000 केंद्रीय/डीम्ड /राज्य/प्राइवेट यूनिवर्सिटीज हैं। देश के ज्यादातर सूबे चरणबद्ध तरीके से अपने यहां विश्वविद्यालय/कॉलेज की अनलॉकिंग को लेकर संजीदा हैं। पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु ने दीपावली पर्व के बाद 16 नवंबर से शिक्षण संस्थानों को फिर से खोलने का ऐलान किया है। हरियाणा सरकार ने तो जारी नोटिफिकेशन में कहा है, यदि किसी छात्र को अपनी शंकाओं को दूर करने की आवश्यकता तो वह कॉलेज का दौरा कर सकता है, लेकिन छात्रों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा जबकि राजस्थान सरकार ने कहा, दीपावली के बाद हालात का जायजा लेकर कॉलेजों को खोलने का फिर से फैसला लेगी, जबकि गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रुपाणी का कहना है, दीयों के पर्व के बाद यूनिवर्सिटीज को अनलॉक किया जा सकता है। बिहार में चुनावी माहौल है, हालाँकि जेएनयू के साथ -साथ असम और बिहार में भी 02 नवंबर से यूनिवर्सिटी खुल चुकी हैं। यूपी में निजी विश्वविद्यालय- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी भी अनलॉक हो चुकी है। यूजी और पीजी के न्यू स्टुडेंट्स की ऑनलाइन पढ़ाई 02 नवंबर से चल रही है जबकि ओल्ड स्टुडेंट्स की ऑनलाइन क्लासेज 24 अगस्त से प्रारम्भ हैं। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, ऑफलाइन कक्षाओं के लिए अभिभावकों की सहमति का इंतजार है। यूजीसी की गाइडलाइन्स के मुताबिक 50 प्रतिशत छात्रों को ही प्रवेश की अनुमति देंगे। कोविड-19 को लेकर टीएमयू बेहद सतर्क और संजीदा है। कोरोना के दौरान यूजीसी की ओर से जारी हर दिशा-निर्देश का हम पहले दिन से सख्ती से पालन कर रहे हैं। कर्नाटक में 17 नवंबर से यूनिवर्सिटीज अनलॉक होंगी। गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत ने कहा, वह अनलॉक के सम्बन्ध में जल्द ही निर्णय ले लेंगे। झारखंड में भी जल्द अनलॉकिंग का फैसला ले लिया जाएगा, ओडिशा सरकार ने तीस नवंबर तक उच्च शिक्षण संस्थानों को बंद करने का फैसला लिया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक केंद्रीय विश्वविद्यालयों या केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों के खुलने का फैसला वाइस चांसलरों / संस्थानों प्रमुखों पर छोड़ दिया गया है जबकि राज्य विश्वविद्यालयों/ शैक्षिक संस्थानों को रि-ओपन करने के बारे में वहां की सूबे की सरकारों को फैसला लेना होगा, कॉलेज/यूनिवर्सिटीज कब से खोली जाएं ?

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### सबका साथ तो सही

सबका साथ तो सही था लेकिन सबका विश्वास बिल्कुल गलत नारा है और यही नारा बीजेपी के लिए काल साबित होगा क्योंकि आप सबका विश्वास कभी हासिल नहीं कर सकते और यदि आप सब का विश्वास हासिल करने के लिए सोच रहे हैं तब आप अपनों का विश्वास खो देंगे।

– रितेश सोनारे

### धकेलती रही बरसात

धकेलती रही बरसात हवा कोहवा बरसात कोन बरसात सूख कर पापड़ बनी न हवा भीगकर नदी दोनों ने साथ रहकर भीबचाये रखा अलग-अलग सम्पूर्ण खुद को किन्तु ये क्या !हमारे पास सुख था मुठ्ठी भर-भरकर दु:ख ने जैसे ही छुआ वह बदल गया चुटकी में रंग गया उसी के रँग में फ़िर हम टेरते रहे हवा, बादल, बरसात,पेड़ और पंछियों को कोई नहीं आया अब हम भी सींखेंगे अकेले-अकेले खुद को पूरा बचाये रखना। – कल्पना मनोरमा

खास पाती

### है भीड़ - भाड़ से सजा

है भीड़ - भाड़ से सजा बाजार, पटाखों बताशों का लगा अंबार, हो रही हर तरफ साफ सफाई, घर घर सज रही है वंदनवार खुशियाँ समा रही हृदय आपार, आ गया है दीपावली का त्योहार नए नए कपड़े शुद्ध नई मिठाई नव सब चीजें नया श्रिंगार सज रही है जमीं कुछ ऐसे जैसे दीपों का है यह संसार शुद्ध पावन बड़ा मनभावन आया है दीपावली का त्योहार और विदेशी लडियों के आगे समान्य दिये कि क्या बिसात है, किजिये ध्यान उधर भी जरा क्यों हताशा रहे उनका परिवार. हो सबको मुबारक दीपावली का त्योहार दिये खुद लगा रहे खुद की बोली। ये पटाखे हैं या जानलेवा गोली। – बिट्टू पुरोहित

### बोझिल मद्धम सी हैं सांसें लगता

बोझिल मद्धम सी हैं सांसें लगता जीवन की शाम ढली। उर अंतस पीड़ा स्वर फूटा इक स्वप्न सलौना जब टूटा चेहरा इक ढूंढ रहीं आँखें लगता जीवन की शाम ढली। जीवन पथ है संकीर्ण हुआ लो आत्म दीप ने तमस छुआ है मृत्यु पसार खड़ी बाहें लगता जीवन की शाम ढली। आभास हो रहा पुण्य पाप चरु हृदय व्यथा ज्वर पूर्ण ताप फल कर्म का पा अब पछताऐं लगता जीवन की शाम ढली। जब चिता हो सम्मुख देव सुनो शशी सुता का मुख हो देव सुनो मन अश्रु चरण छू कर धोएं तब देह मेरी धू धू है जली इस जीवन की जब शाम ढली। - सतीश मैथिल तनुज

### गलतियां, विफलता, अपमान, निराशा

गलतियां, विफलता, अपमान, निराशा और अस्वीकृति, ये सभी उन्नति और विकास के ही एक हिस्सा हैं। कोई भी व्यक्ति इन सभी पाँचों चीजों का सामना किये बिना जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकता। – सूर्य प्रकाश मिश्र

### बीजेपी भी शायद चाह रही है

बीजेपी भी शायद चाह रही है कि अर्णव के साथ कोई अनहोनी हो जाये तो हमे उद्धव सरकार को घेरने का मौका मिलेगा और अपनी राजनीति चमका लेंगे लेकिन देश देख रहा है देवेन्द फड़नबीज चुप है 105 एमएलए बीजेपी के है महाराष्ट्र में कहा चुप है सब राम कदम के सिवा कोई नही बोल रहा है।

– वंदना गोयल

### कोहरे की चादर में लिपटा सुरज

कोहरे की चादर में लिपटा सुरज आलस से भरा है आज नदि की कलकल स्वर सुन बैठी गौरया लेकर नव साज नदी क्यों है इतनी शांत क्या मन है सूरज से क्लात बहो नदी तुम धीरे धीरे जीवन बसा है तुम्हारे तीरे। – सरिता शैल

### नहीं हो सकता है दुनिया में कुछ

नहीं हो सकता है दुनिया में कुछ भी इतना मासूम जितनी मासूम है हँसी बच्चों की कितनी निश्चल कितनी विह्वल जो नहीं बंधती है किसी जाति पाति की दीवारों में और न ही देखती है मजहब सच हँसी बच्चों की जैसे दिख जाय रब पल में लड़ते पल में मानते नहीं किसी से दुश्मनी ये जानते। – सीमा राय द्विवेदी

### जीवन सिर्फआप का कठिन या

जीवन सिर्फ आप का कठिन या जटिल नही सभी का है।जीवन पथ में फूल और शूल दोनो बिछाने वाले लोग मिलेंगे, बस आप को फूल मिले तो ऐसे आपनो का कभी बुरा मत सोचना,और काँटे मिले तो ईश्वर से प्रार्थना करना ईश्वर इन को सद्बुद्धि प्रदान करे।राम राम मस्त रहिये कर्म करते रहिए।

– रितु दुबे

## QUIZ TIME

1) राज्य का सबसे बड़ा बैम्बू म्यूजियम का निर्माण कहाँ किया जाएगा?
2) सीता लेखनी की पहाड़ कहां स्थित है? (कांकेर / सूरजपूर)
3) जनगणना 2011 के अनुसार छत्तीसगढ़ में नगरीय जनसंख्या के जिलों को घटते क्रम में व्यवस्थित करें?
4) तेलगांना के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के कौन-सा जिला संलग्न है?
5) अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) धमतरी (2) सूरजपुर (3) दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर, जशपुर (4) सुकमा, बीजापुर (5) महेन्द्र छाबड़ा

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1785 - हॉलैंड और फ्रांस ने संधि पर हस्ताक्षर किये। 1793 - फ्रांस में बलपूर्वक ईश्वर की पूजा कराने का नियम समाप्त किया गया। 1847 - आयरलैंड के दक्षिणी तट पर जहाज स्टीफन व्हिटनी के दुर्घटनाग्रस्त होने से 92 लोगों की मौत हुई। 1885 - गोटलिएब देमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की। 1918 - जर्मनी के शासक विलहेम द्वितीय भाग कर हॉलैंड गये। 1938 - अमेरिकी लेखिका पर्ल बक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1950 - अमेरिका के लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया। 1970 - फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति चार्ल्स द गॉल का निधन। 1978 - रोहिणी खांडिलकर राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। 1983 - बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 की शुरुआत की। 1986 - बंगलादेश में संविधान दोबारा लागू किया गया। 1989 - जर्मनी के लोगों ने बर्लिन वॉल को गिराना शुरू किया। 1991 - भारत ने विश्व कैरम चैंपियनशिप में टीम खिताब अपने नाम किया। 1997 - चीन-रूस घोषणा पत्र से दोनों देशों के बीच सीमांकन विवाद समाप्त। 2001 - तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। 2005 - अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने तिब्बत के निर्वासित नेता दलाई लामा से मुलाकात की। 2006 - श्रीलंका के कोलंबो में तमिल राजनेता नाडाराजाह रविराज की हत्या हुई। 2012 - तुर्की में खराब मौसम के कारण एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 17 लोग मारे गये।

## दक्षिणी फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी कोरोना पॉजिटिव

**बेंगलुरु (वार्ता)** दक्षिणी फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। सुपरस्टार ने सोमवार को ट्वीट कर स्वयं यह जानकारी दी है। चिरंजीवी ने कहा, अपनी आने वाली फिल्म 'आचार्य' की शूटिंग से पहले प्रोटोकॉल के तहत कोरोना जांच करवाई थी, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उनमें हालांकि किसी तरह के लक्षण नहीं थे। वह स्वयं क्वारंटीन हो गए हैं। मेरी उन सभी से अपील है कि हाल ही जो भी मेरे संपर्क में आए हैं वह सभी ऐहतियात अपनायें।

## स्टारडम को गंभीरता से नहीं ले सकते हैं : अर्जुन कपूर

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर का कहना है कि वह स्टारडम को गंभीरता से नहीं लेते हैं। अर्जुन कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये आठ वर्ष हो गये हैं। अर्जुन कपूर ने अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव देखा है। अर्जुन कपूर ने कहा, ÷ मुझे लगता है कि आप स्टारडम को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले सकते हैं। यह सिर्फ शुक्रवार से शुक्रवार रिलीज़ के बारे में है। एक खराब फिल्म आपको पीछे कर देती है, और एक हिट फिल्म आपको सुपस्टार के तौर पर प्रतिष्ठित कर देती है। ऐसे में आपको अपनी इस जगह को एंजॉय करना है और मजे करने हैं। और आप इस बात को सुनिश्चत करें कि इसमें आप लिप्त नहीं होंगे। इस बात को भी कि अच्छा काम करेंगे और उसे फॉरग्रांटेड नहीं लेंगे। अर्जुन कपूर ने हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहीरो वेब सीरीज़ द ब्वॉयज़ को डब किया है। इसमें उन्होंने बेली बुचर नाम के किरदार को अपनी आवाज दी है। इसकी कहानी ऐसी है जब सुपरहीरोज़ गलत राह पर निकल जाते हैं। वह बुरे लोगों के साथ मिल जाते हैं और अपनी शक्तियों का दुरपयोग करने लगते हैं। अर्जुन कपूर अब अपनी अपकमिंग फ़िल्म भूत पुलिस की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में सैफ अली खान, जैकलीन फर्नाडीस और यामी गौतम की भी अहम भूमिकायें है।

## यामी-आयुष्मान की फिल्म 'बाला' के प्रदर्शन का एक साल पूरा

मुंबई (वार्ता)।बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और यामी गौतम की जोड़ी वाली फिल्म 'बाला' के प्रदर्शन के एक साल पूरे हो गये हैं। आयुष्मान खुराना और यामी गौतम की फिल्म 'बाला' को प्रदर्शित हुये एक साल पूरे हो गये हैं। 'बाला' की रिलीज के एक साल पूरे होने पर आयुष्मान और यामी ने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म की यादों को ताजा किया है। फिल्म 'बाला' की जर्नी को याद करते हुए यामी गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक थ्रोबैक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने फिल्म में अपने किरदार परी से जुड़ी बातों को याद किया है। इसके साथ यामी ने लिखा, फ़एक फिल्म जिसे मैं हमेशा आने वाली कुछ बेहतरीन फिल्मों के तौर पर याद रखूंगी। मुझे परी बनाने के लिए अमर कौशिक का शुक्रिया। तब से जिंदगी पूरी तरह से बदलाव पर है। दर्शकों के बिना शर्त के इतने प्यार के लिए हमेशा के लिए आभारी हूं। फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाले आयुष्मान खुराना ने बालमुकुंद शुक्ला ऊर्फ बाला का किरदार निभाया था। उन्होंने फिल्म के एक साल पूरे होने पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट स्टोरी पर फिल्म से जुड़े वीडियोज शेयर किए है।

## तनुश्री दत्ता ने घटाया 15 किलो वजन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री तनुश्री दत्ता फिल्मों में अपनी वापसी के लिए कमर कस चुकी हैं। 8 नवंबर को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लंबा पोस्ट लिखकर ये जानकारी साझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने अपनी आईटी जॉब के बारे में भी बात की है। कुछ वक्त पहले खबर आई थी कि वह एक अमरीकी कंपनी में आईटी क्षेत्र में काम कर रही हैं। इसे एक बहुत अच्छा अवसर बताते हुए तनुश्री ने कहा कि उनके पास हमेशा से आईटी के क्षेत्र में काम करने के लिए जरूरी अनुशासन, निष्ठा और दृढ़ निश्चय था। अपनी फोटो के कैप्शन में तनुश्री ने लिखा, ÷मैंने इस नौकरी को नहीं स्वीकारा क्योंकि मैं अपने एक्टिंग के करियर को फिर से शुरू करना चाहती हूं। महामारी के खत्म होने के बाद मुझे इस नौकरी के लिए एल.ए/न्यूयॉर्क में रहना पड़ेगा।

### मेघालय के दूरदराज के क्षेत्रों के बच्चों ने भी इस लीग में भाग लिया

## बच्चे 70 किलोमीटर की यात्रा कर गोल्डन बेबी लीग मैच में हुये शामिल

**शिलांग (वार्ता)।** मेघालय में पश्चिमी खासी हिल्स के लैटक्सेह गांव में गोल्डन बेबी लीग के पहले संस्करण में 350 से अधिक बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया लेकिन इसके लिए उन्हें इस पहाड़ी क्षेत्र में 70 किलोमीटर की कठिन यात्रा करने समेत कई तरह की कठिनाईयों को पार करना पड़ा।

लीग के संचालक गिल्बर्ट जैक्सन ने कहा, ÷गोल्डन बेबी लीग के पहले संस्करण में हमारे पास कई क्षेत्रों के क्लब रहे और विभिन्न समुदायों के विभिन्न बच्चों ने इसमें भाग लिया। इनमें से अधिकतर बच्चे मैच के दिन सुबह छह बजे उठते थे और 70 किलोमीटर की कठिन यात्रा कर पहुंचते थे। जिले के दूरदराज के क्षेत्रों के बच्चों ने भी इस लीग में भाग लिया। उन्होंने कहा, जब तक किसी के पास खेल के प्रति इतना जुनून और प्यार नहीं होगा तब तक वह इतनी कठिनाइयों को पार करने में सक्षम नहीं हो सकता है। यह इस खेल और गोल्डन बेबी लीग की खासियत है। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि लोग इस खेल को लेकर बहुत गंभीर हैं और यह चीज इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित करने को लेकर हमारे लिए प्रेरणा का काम करती है। गोल्डन बेबी लीग का शुभारंभ अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 2018 में किया था। इस लीग को छह से 12 वर्ष के बच्चों के लिए शुरू किया गया ताकि लिंग, धर्म, आर्थिक स्थिति, जातीय पहचान से परे सभी तक फुटबॉल खेल की पहुंच हो सके। इसका उद्देश्य फुटबॉल के खेल के लिए नयी पीढ़े के लड़के और लड़कियों को कम उम्र में ही तैयार करना है जिससे भारतीय फुटबॉल का विकास हो सके।

मेघालय के लैटक्सेह गांव में लॉजिस्टिक चुनौतियों और कठिन यात्रा संबंधी कठिनाईयों के बावजूद बड़ी संख्या में बच्चों ने गोल्डन बेबी लीग में भाग लिया और खेल के मैदान को अपना घर बना लिया। जैक्सन ने कहा, सभी बच्चे इस लीग को लेकर बहुत उत्साहित दिखे। खेल का मैदान उनके घर से बहुत दूर था लेकिन फिर भी वे इस लीग में शामिल हुये। हर टीम हर एक मैच खेली। यह गोल्डन बेबी लीग का पहला संस्करण था, बावजूद इसके बच्चों की भागीदारी पर्याप्त रही। गोल्डन बेबी लीग के प्रति इस तरह की प्रतिक्रिया मिलना अद्भुत है।

## मोरपैन लेबोरेटरीज का मुनाफा 566 प्रतिशत उछला

**नई दिल्ली (वाता)।** फार्मा एवं घरेलू चिकित्सा उपकरण क्षेत्र की कंपनी मोरपैन लेबोरेटरीज लिमिटेड के एपीआई कारोबार में आयी तेजी से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 566 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुशील सूरी ने वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की सोमवार को यहां हुई निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी करते हुये कहा कि सितंबर में समाप्त इस तिमाही में उनकी कंपनी का शुद्ध लाभ 27.17 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4.08 करोड़ रुपये की तुलना में 566 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में कुल राजस्व भी 340.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो पिछले वर्ष सितंबर में समाप्त तिमाही के 216.24 करोड़ रुपये की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है।

## नये शिखर पर शेयर बाजार

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिका में जो बिडेन के राष्ट्रपति निर्वाचित होने से डॉलर पर बने दबाव के बीच विकासशील देशों में पूंजी प्रवाह बढ़ने की उम्मीद और अमेरिका की वीजा नीति में बदलाव किये जाने की उम्मीद में आईटी के साथ लगभग सभी समूहों में हुयी लिवाली के बल पर घरेलू शेयर बाजार आज नये शिखर को छूने में सफल रहा। इससे निवेशकों को आज 206558.75 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ तथा बीएसई का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 16567257.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। लिवाली के बल पर बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सत्र के दौरान 42653.33 अंक के और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12474.05 अंक के अब तक रिकार्ड स्तर पर पहुंचा। हालांकि कारोबार के अंत में सेंसेक्स 704.37 अंकों की बढ़त लेकर 42597.43 अंक पर और निफ्टी 197.50 अंको की छलांग के साथ 12461.05 अंक पर रहा।

छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली का जोर बना रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.01 प्रतिशत चढ़कर 15560.10 अंक पर और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत उठकर 15304.72 अंक पर रहा।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ मिलकर कार इंश्योरेंस की पेशकश की

**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने घोषणा की है कि वह भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ मिलकर कॉम्प्रीहेंसिव कार इंश्योरेंस की पेशकश करेगा। यह स्मार्ट ड्राइव प्राइवेट कार इंश्योरेंस दुर्घटनाए चोरी और प्राकृतिक तथा मनुष्य जनित आपदाओं के कारण हुई क्षति पर वित्तीय सुरक्षा की पेशकश करता है। यह कार दुर्घटना के कारण अन्य व्यक्ति या संपत्ति को हुई चोट या क्षति का मुआवजा भी देता है।

इस बीमा में योजना धारक के लिये पर्सनल एक्सीडेंट कवर आता है। दुर्घटना से स्थायी विकलांगता आने या जान जाने पर यह परिवार के लिये वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहक एयरटेल थैंक्स एप के माध्यम से एक कागज रहितए सुरक्षित और त्वरित प्रक्रिया द्वारा पाँच मिनट में इस पॉलिसी को आसानी से खरीद सकते हैं। इसमें किसी प्री.इंस्पेक्शन की जरूरत नहीं है और ग्राहक को केवल वाहन का विवरण भरना है और बीमा तुरंत उसकी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर पर इश्यू हो जाता है।

रिनूअल के समय ग्राहक एड ऑन कवर्स की व्यापक श्रृंखला में से चयन कर सकता है। इसमें डिप्रीशियेशन कवर, स्?मॉल कंज्यूमैबल आइटम्स, कार की चाबी खोना या बदलना, कार ब्रेकडाउन होने पर रोड़ साइड असिस्टेन्स, इंजिन या गियर बॉक्स की क्षति, योजना धारक के चोटिल होने पर मेडिकल खर्चा, अस्पताल पहुँचने के लिये एम्बुलेंस का खर्चा, आदि शामिल हैं।

## रुपया सात पैसे लुढ़का

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी से मिले समर्थन के बावजूद मजबूत डॉलर के दबाव में सोमवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सात पैसे लुढ़ककर 74.15 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले दिवस रुपया 28 पैसे की मजबूती के साथ 74.08 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत के दम पर रुपया आज 13 पैसे की बढ़त के साथ 73.95 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर गत कारोबारी दिवस दस सप्ताह के निचले स्तर तक लुढ़क गया था लेकिन आज उसकी गिरावट थम गयी, जिससे भारतीय मुद्रा दबाव में आ गयी। मजबूत डॉलर के दबाव में रुपया 74.18 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले स्तर तक लुढ़कता हुआ अंततः पिछले दिवस की तुलना में सात पैसे लुढ़ककर 74.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे से टी-20 सीरीज भी जीती

**रावलपिंडी (वार्ता)।** कप्तान बाबर आजम (51) और हैदर अली (नाबाद 66) के शानदार अर्धशतकों से पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। जिम्बाब्वे ने रयान बर्ल के नाबाद 32, वेस्ली मधेवरे के 24 और एल्टन चिगुंबरा के 18 रनों से 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन बनाये। पाकिस्तान की तरफ से हारिस राउफ ने 31 रन पर तीन विकेट और उस्मान कादिर ने 23 रन पर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान ने लक्ष्य को 151 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आजम और अली ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की मैच विजयी अविजित साझेदारी की। आजम ने लगातार दूसरा अर्धशतक बनाया। आजम ने 28 गेंदों पर 51 रन में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

## फाइनल में भी बेख़ौफ होकर खेलेंगे

**अबु धाबी (वार्ता)।** सनराइजर्स हैदराबाद को क्वालीफायर दो में 17 रन से हराकर पहली बार आईपीएल के फाइनल में प्रवेश करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि उनकी टीम फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ बिना किसी तनाव के बेख़ौफ़ होकर खेलेगी।

दिल्ली ने रविवार को 20 ओवर में तीन विकेट पर 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और हैदराबाद को आठ विकेट पर 172 रन पर रोक दिया। हैदराबाद की टीम इस हार के साथ आईपीएल से बाहर हो गयी और दिल्ली का खिताबी मुकाबले में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से सामना होगा। श्रेयस ने मैच जीतने के बाद कहा, ÷यह अभी तक का सबसे अच्छा अनुभव है। यह यात्रा उतार-चढ़ाव से भरी रही है। इस दौरान हम एक परिवार के रूप में साथ रहे। टीम के प्रत्येक सदस्य के प्रयास से हम बहुत खुश हैं। एक कप्तान पर बहुत सारी जिम्मेदारियां होती हैं। कोच और सपोर्ट स्टाफका पूरा समर्थन रहा। यह टीम बहुत खास है। इस तरह की टीम के साथ जुड़कर मैं भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। भावनाओं का उतार-चढ़ाव चलता रहता है इसलिए आपकी दिनचर्या हमेशा एक जैसी नहीं रह सकती।

### आईपीएल/2020 | मुंबई ने पहले क्वालीफायर में दिल्ली को आसानी से 57 रन से शिकस्त दी थी

# मुंबई और दिल्ली में होगा महासंग्राम

**दुबई (वार्ता)।** विजय रथ पर सवार मुंबई इंडियंस और अपना मनोबल वापिस हासिल कर चुकी दिल्ली कैपिटल्स के बीच मंगलवार को होने वाले आईपीएल-13 के खिताबी मुकाबले में महासंग्राम होगा।

आईपीएल की तालिका में मुंबई और दिल्ली क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रही थीं और अब इन दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला होने जा रहा है। छठी बार फाइनल खेल रही रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई की नजरें पांचवीं बार खिताब जीतने पर लगी होंगी तो वहीं पहली बार में फ़ाइनल में पहुंची दिल्ली इस टूर्नामेंट में नया चैंपियन बनने का गौरव हासिल करना चाहेगी। निश्चित रूप से फाइनल में टक्कर नहीं महासंग्राम होगा क्योंकि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली दिल्ली पहली बार खिताब जीतने के लिए अपना सबकुछ झोंकना चाहेगी। मुंबई अपने अब तक के प्रदर्शन से दावेदार रहेगी लेकिन उसके लिए दिल्ली को हल्के में लेना भूल हो सकती है क्योंकि दिल्ली ने रविवार को क्वालीफायर दो में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 17 रन से मात दी था। दिल्ली ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में उम्दा प्रदर्शन कर पहली बार खिताब जीतने के लिए अपनी प्रबल दावेदारी पेश की है।

मुंबई ने पहले क्वालीफायर में दिल्ली को आसानी से 57 रन से शिकस्त दी थी। मुंबई के 200 रन के जवाब में दिल्ली की टीम लड़खड़ाते हुए 143 रन बना पायी थी लेकिन अब जो टीम फाइनल में उतरने जा रही है उसमें एक नया आत्मविश्वास आ चुका है और वह मुंबई को टक्कर देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

दिल्ली की टीम ने हैदराबाद के खिलाफ एकजुट प्रदर्शन किया था और रणनीति के लिहाज से भी टीम सफल रही थी। टीम ने आलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस को ओपनिंग में उतारने का जो दांव खेला वह कामयाब रहा। शिखर धवन और स्टॉयनिस ने टीम को ठोस शुरुआत दी जिसका फायदा उठाकर दिल्ली 189 रन का मजबूत स्कोर बनाने में सफल रही।

दिल्ली को एक बार फिर फाइनल में ऐसी ही शुरुआत की उम्मीद रहेगी। दिल्ली चाहेगी कि बड़े मैच के बड़े खिलाड़ी शिखर फाइनल में भी बड़ी पारी खेलें फिर चाहे बात लक्ष्य निर्धारित करने की हो या लक्ष्य का पीछा करने की। शिखर टूर्नामेंट में 603 रन बना चुके हैं और सर्वाधिक रनों के ऑरेंज कैप के साथ-साथ उनके नजरें टीम के लिए बड़ी पारी खेलने पर रहेंगी।

कप्तान अय्यर ने टूर्नामेंट में 454 रन बनाये हैं और टीम को फाइनल में उनसे सधी हुई पारी की उम्मीद रहेगी। शिमरॉन हेत्माएर पिछले मैच जैसी उपयोगी भूमिका निभाना चाहेंगे जहां उन्होंने नाबाद 42 रन की शानदार पारी खेली थी। 15 करोड़ के खिलाड़ी ऋषभ पंत के लिए इस बार का टूर्नामेंट शानदार नहीं रहा है लेकिन वह अपने प्रदर्शन से फाइनल को यादगार बनाने चाहेंगे।

## मुझे अपनी टीम पर गर्व है : वार्नर

**अबु धाबी (वार्ता)।** दिल्ली कैपिटल्स से क्वालीफायर दो में 17 रन से हारकर आईपीएल से बाहर होने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा है कि उन्हें अपनी टीम पर गर्व है और यह टीम अगली बार बहुत बेहतर प्रदर्शन करेगी।

हैदराबाद रविवार को दिल्ली के 20 ओवर में तीन विकेट पर 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर का पीछे करते हुये आठ विकेट पर 172 रन से ज्यादा नहीं बना पाया और 17 रन से हार गया। इस हार के साथ हैदराबाद का इस वर्ष के आईपीएल का सफर यहीं खत्म हो गया। फाइनल में दिल्ली और मुंबई का मुकाबला होगा।

वार्नर ने मैच के बाद कहा, ÷मुंबई एक महान टीम है, दिल्ली और आरसीबी भी बहुत अच्छी टीम है। हम आज जहां पहुंचे हैं उस पर मुझे गर्व है। नटराजन इस आईपीएल की खोज हैं। उनका प्रदर्शन असाधारण रहा। राशिद भी अद्भुत खेले। मनीष पांडे का प्रदर्शन भी असाधारण रहा। हर दृष्टिकोण से यह टूर्नामेंट बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहा, मैं हमारे सभी समर्थकों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। सबसे मुख्य चीज मैदान पर खिलाड़ी की मनोस्थिति होती है। यदि मैदान पर आप कैच नहीं लेते हैं तो जीत नहीं सकते। हमें अगली बार इससे बहुत बेहतर प्रदर्शन करना होगा।। वार्नर ने कहा, साहा और भुवी जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के नहीं खेलने से कठिनाई हुई लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने हमें यहां तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारे प्रशंसक बहुत अच्छे हैं। मैंने रोशनी में डूबे एक पुल की तस्वीर देखी।

■ न्यूज गैलरी

## कांग्रेसजनों ने नंदकुमार पटेल को किया नमन

**डोंगरगढ़।** ब्लांक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार पटेल की जंयती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन कर उन्हे नमन् किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि नंदकुमार पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में छ.ग. में प्रदेश कांग्रेस को एकजुट कर संगठन को मजबुत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनका कार्याकाल सदैव अविस्मरणीय रहेगा उन्होनें प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाई झीरम हमले में प्रदेश ने अपने जननायक को खो दिया प्रदेश की जनता उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगी। इस दौरान कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, नपा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, संध्या देशपांडे, नलीनी मेश्राम, रिम्मी भाटिया, गणपत रजक ,धन्नालाल गणवीर, गणेश मुदलियार, जितेंद्र सिह भाटिया, दुलीचंद बडोले, रूपचंद खोब्रागढे, गणेश साहु, अजय सहारे, नरेश करसे ,लखन पाटकर सहीत बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए किया स्थल निरीक्षण

**भटगांव।** जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन आज शासन के द्वारा संचालित किए जाने वाले इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण करने जिले के सभी नगरीय निकायों में इंग्लिश मीडियम के लिए बने स्कूल भवनो का निरीक्षण करने पहुचे । इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वीओ-ज्ञात हो कि बलौदाबाजार जिले के सभी नगरीय निकायों में शासन द्वारा संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जा रहे हैं इसके लिए लगातार कलेक्टर द्वारा सभी नगरीय निकायों में जाकर भवनों का निरीक्षण किया जा रहा है इसी तारतम्य में बलौदाबाजार कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने बिलाईगढ़ एवं नगर पंचायत भटगांव में स्कूल भवन का निरीक्षण किए । कलेक्टर ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों व समाज के प्रमुख ने स्कूल का चयन किया है जिसमें अभी तैयारी पूरी नहीं हुई है पूरी तैयारी करने के बाद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित की जाएगी शासन के उच्च प्राथमिकता वाले योजना में भी इंग्लिश मीडियम स्कूल आगे रहेंगे ।

## जब तक दवाई नहीं तब तक कोई ढिलाई नहीं

**गरियाबंद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने त्यौहार और ठंड के मौसम को देखते हुए जिले के नागरिकों से अपील किया है कि आप सभी इस बात से अवगत है कि वैश्विक महामारी कोरोना का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है। आम जनों की सुविधा के लिए केंद्र और राज्य शासन के साथ जिला प्रशासन ने दैनिक कार्यों को सुलभ बनाने हेतु सभी सुविधाएं बहाल कर दी है। लेकिन यह देखने में आया है कि कुछ लोग कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं । मेरा आप सब से विनम्र आग्रह है कि कोरोना महामारी को हराने के लिए तीन बातों का अवश्य पालन करें । पहला 'सही ढंग से मास्क पहनना' दूसरा 'नियमित रूप से हाथों की अच्छे से धुलाई कर साफकरना' तीसरा 'प्रत्येक व्यक्तियों के बीच में दो गज की शारीरिक दूरी बनाए रखना। यदि हम इन बातों का पालन कड़ाई से करेंगे तो निश्चित ही कोरोना हारेगा और हम जीतेंगे। अतः सभी गणमान्य नागरिकों से यह अपील की जाती है कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे कोरोना जागरूकता अभियान का हिस्सा बनते हुए जब दवाई नहीं तब तक कोई ढिलाई नहीं का कड़ाई से पालन करें और अपने सगे संबंधियों और जान पहचान वालो को भी जागरूक करे।आपके सहयोग से निश्चित ही हम सब मिलकर इस कोरोना महामारी को हरा देंगे। इस संबंध में आज जिला पंचायत के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों ने शपथ भी लिया।

## प्रदेश के 4 जिलो में पंजीयन का काम अब शाम 6 बजे तक

**भाटापारा।** रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा जिले में पंजीकृत होने वाले दस्तावेजों की संख्या अधिक होने के कारण आम जनता को कठिनाइयों का ध्यान रखते हुए अब वहां के पंजीयन कार्यालय शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। महानिरीक्षक रजिस्ट्रेशन और अधीक्षक मुद्रांक धर्मेश कुमार साहू ने बताया की रायपुर,बिलासपुर,दुर्ग,सरगुजा जिले के पंजीयन कार्यालयो को दीपावली तयोहार में भीड़ का ध्यान रखते हुए निर्णय लिया गया है कि इन जिले के सभी पंजीयन कार्यालयों में कार्यालय की अवधि आधा घंटा 6: 00 बजे शाम तक बढ़ा दिया गया है । इस अतिरिक्त समयावधि में पक्षकार 4 अतिरिक्त अपॉइंटमेंट प्राप्त कर सकते हैं । यह सुविधा 10 नवंबर से 13 नवंबर तक के लिए उपलब्ध रहेगा ।

## शहर पुलिस ने की पैदल पेट्रोलिंग

**भाटापारा।** दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए भाटापारा पुलिस व प्रशासन के द्वारा पैदल पेट्रोलिंग कर लोगो को सतर्क रहने और मास्क लगा कर रहने की सलाह दी गई।

थाना भाटापारा (शहर )थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस जितेंद्र कुमार यादव, निरीक्षक महेश ध्रुव , नायब तहसीलदार मोहित कुमार, उपनिरीक्षक हितेश जंघेल व् स्टाफने सदर मार्केट, राम सप्ताह , हटरी मार्केट , जय स्तंभ चौक, पैदल पेट्रोलिंग की इस दौरान जहां लोगों को खरीदारी के वक्त अपने सामान की सुरक्षा करना, चोरों से सावधान रहना, आने जाने वाली गाड़ियों को सही तरीके से पार्किंग करना, यातायात नियमों का पालन करने हिदायत दी गई,इसके अलावा पटाखा दुकानों के लाइसेंस को चेक किया गया जिन दुकानों के पास लाइसेंस है उनको सावधानीपूर्वक पटाका दुकान चलाने के साथ ही लोगों को हिदायत दिया कि यदि किसी के पास अवैध रूप से पटाखे का भंडारण या अपने पास कब्जे में रखना पाया जाता है तो उनके खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं ने सीईओ को बताया- 28 हजार रुपए की बेच चुके साग-सब्जी

■ **जिला सीईओ ने किया ग्रामों का अवलोकन**

**साजा।** छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजना-नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाडी अन्तर्गत गौठान कार्यो की प्रगति एवं संचालित आर्थिक गतिविधियों के अवलोकन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं गौठान प्रबंधन समितियों को दिशा निर्देश दिये। इस दौरान ग्राम-गाड़ाघाट, ग्राम पंचायत-खाती में निर्मित गौठान स्थल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित किये जा रहें सब्जी की खेती का अवलोकन किया गया। स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अवगत कराया गया कि अब

तक राशि 28000/-रूपये का सब्जी विक्रय स्थानीय बाजारों में किया जा चुका हैं एवं अगली फसल की तैयारी की जा रही हैं। साथ ही ''गोधन न्याय'' योजनान्तर्गत समूहों द्वारा खरीदी गई गोबर से वर्मी खाद भी तैयार की जा रही हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा इसके अतिरिक्त अन्य आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने के लिये महिलाओं को प्रेरित किया गया। गौठान स्थल पर पशुओं के चारा व्यवस्था हेतु ग्राम पंचायत खाती के सरपंच श्रीमती धर्मिन मोहन साहू द्वारा 15 ट्राली पैरा दान कर अन्य के लिये उदाहरण प्रस्तुत किया गया। ग्राम पंचायत टिपनी के आदर्श गौठान स्थल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से वर्मी खाद के अलावा गोबर की लकड़ी, गोबर के गमलें के साथ-साथ गोबर के दिया तैयार किया जा रहा हैं। जिसे देख मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं अधिक-से-अधिक महिलाओं को ऐसे गतिविधियों से जुड़ कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने प्रोत्साहित किया गया।

# थाना परिसर में हुआ कोरोना योद्धाओं का सम्मान

**भाटापारा।** सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर के संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय द्वारा... शहर थाना परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे शहर थाना प्रभारी .प्रशिक्षु आई.पी.एस डॉ जितेन्द्र कुमार यादव प्रभारी तहसीलदार मयंक अग्रवाल,नगर निरीक्षक महेश कुमार धुव,.ग्रामीण थाना प्रभारी राम अवतार ध्रुव समिति सदस्य राकेश यादव की उपस्थिति में पत्रकारों ,पुलिस कर्मियो, सामाजिक कार्यकर्ताओ का करोना योध्दा सम्मान से सम्मानित किया गया।

आयोजन समिति के संरक्षक टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया की करोनाकाल मे महामारी के रोकथाम के लिये तत्पर व सजक भूमिका निभाने लोगों को सम्मानित किया गया जिसमे प्रमुख से पुलिस प्रशासन से जुडे पुलिस कर्मियों का भूमिका सबसे सराहनीय रहा जो कि शासन के लाकडाऊन के नियमो के पालन

के साथ साथ कोरोन्टाईन का भी सजकता के साथ पालन कराते रहे साथ ही करोनाकाल मे अन्य प्रदेशों से आने वाले प्रवाशी मजदूरों को सजकता, कर्मठता , तत्परता के साथ उनके नियत स्थान तक पहुंचा कर करोना के रोकथाम मे अपनी महत्ती भूमिका अदा किया इसी तरहा प्रिन्ट व इलेक्ट्रिक मीडिया से जुडे पत्रकारों ने भी जागरूकता व एहतियातन उपायों को लेकर महत्ती भूमिका अदा कि और प्रशासन का कंधे से कंधे मिलाकर इस करोना से जीत पाने हेतु संघर्ष शील रहे। पुलिस निरीक्षक महेश ध्रुव ने अपने उदबोधन मे कहा कि करोनाकाल मे लाकडाऊन के नियमों का पालन व सतर्कता शहर के लगभग 95 प्रतिशत से अधिक नागरिको के द्वारा किया गया जिसके कारण इनके भयावहा स्थिति से बचा जा सका साथ ही हमारे पुलिस स्टाफ कि भूमिका सराहनीय रही प्रवासी मजदूरों को सुरक्षित गंतव्य स्थान तक पहुचाने को लेकर इस तरहा का आयोजन गरिमामय व गौरान्वित करने वाला रहा , कार्यक्रम का संचालन कोमल शर्मा ने और सेवा सुगंधम के संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सेवा सुगन्धम सामाजिक जनकल्याण समिति से संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय

गणेश वर्मा, राजेंद्र पांडेय, राजेश साहू, अजय अग्रवाल, रामकृष्ण यादव, विनोद जाधव, नीलेश यादव, अनामिका, धवल धावलिया, आदि का योगदान रहा।इस आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता अरुण बंटी छाबड़ा,पवन यादव , राजा राम यादव , राकेश यादव, प्रदीप अग्रवाल,अन्नपूर्णा पवार, शैलेंद्र देवगन,रविन्द्र गिन्नीरे का भी सम्मान किया गया।वही नगर के पत्रकारो राजेश शर्मा,संतोष अग्रवाल,भुपेशधर दीवान,शंकर सोनी,सत्यनारायण पटेल, प्रशांत वर्मा, अजय यादव, कोमल शर्मा,मन्नू बाटियां, मनीष यादव, अमृत लाल साहू, तुलसी जायसवाल,बजरंग धुव का सम्मान किया गया।

# करही बाजार में जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला के द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार सुभाष दास के मार्गदर्शन में चौकी करहिबाज़ार प्रभारी उमेश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने 3 लोगो को ताश पत्ती का जुवा खेलते पकड़ कर उनके कब्जे से 1040 रूपये जब्त कर उनके खिलाफ जुवां एक्ट के तहत कार्यवाही की है। उक्त जानकारी देते हुए करही बाजार चोकी प्रभारी उमेश वर्मा ने बताया की रविवार को ग्राम करहिबाज़ार में रूपये पैसे की हार जीत का बाजी लगाकर कुछ असामाजिक तत्वों के लोग जुआ

खेल रहे है कि प्राप्त सूचना पर कार्यवाही की गयी जिसमें 03जुआरियों( 1. राजेन्द्र टंडन पिता भानु प्रताप उम्र 52 वर्ष, 2. अरविन्द दास पिता अमरदास मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष,3. राकेश बंजारे पिता मंगल बंजारे उम्र 23 वर्ष सकिनान करहिबाज़ार) से मौके पर 1040रू एवं 52 पत्ती तास बरामद किया गया वही कुछ जुवाड़ी पुलिस को देख कर मौके से भाग गये।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**छग में अब नए उद्योग...**

देगी। उद्योगों को अब राज्य से अन्य देशों से निर्यात करने के लिए परिवहन में पैसा लगता था। उसमें सरकार परिवहन लागत में अनुदान देगी। इसके तहत प्रतिवर्ष 20 लाख रूपए का अनुदान सरकार देगी।

उद्योग स्थापित करने विद्युत शुल्क में पूर्ण छूट :

कोर सेक्टर के माध्यम, वृहद, मेगा, अल्ट्रामेगा उद्योगों को अब किसी भी श्रेणी के स्थान में उद्योग स्थापित करने पर विद्युत शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी। अब परिवहन अनुदान हेतु इकाई का शत-प्रतिशत निर्यातक होना आवश्यक नहीं रह गया है। सामान्य वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित किए जाने वाले पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को उद्योग विभाग, सीएसआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्रों में भू-आबंटन पर भू-प्रीमियन प्रदान किया जाएगा। उद्यमियों द्वारा बहुप्रतीक्षित भूमि हस्तांतरण शुल्क में कमी कर दी गयी है। साथ ही उत्पादन प्रारंभ करने की अधिकतम सीमा में भी वृद्धि की गई है।

**स्टार्ट अप्स को अन्य...**

के उद्यमियों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज जारी किया गया है। इसके तहत अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के उद्यमियों को पूर्व की सुविधाओं से अधिक लाभ प्राप्त होगा।

**इधर, मप्र की 28...**

मंगलवार को सुबह आठ बजे सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। इसके बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज वोट गिने जाएंगे। माना जा रहा है कि दो घंटे में रुझान मिलने लगेंगे और दिन में 12 बजे तक नतीजों को लेकर तस्वीर काफी कुछ साफहो जाएगी। दो दिन पहले आए विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल में राज्य में सत्तारुढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बढ़त दिखायी गयी है। वहीं भाजपा और कांग्रेस नेताओं के जीत के अपने अपने दावे हैं। कुल 28 सीटों में से 25 पर संबंधित विधायकों के त्यागपत्र और 03 अन्य पर विधायकों के निधन के कारण उपचुनाव हुआ है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों के अनुसार इन 28 सीटों में से 27 पर कांग्रेस का और एकमात्र आगर सीट पर भाजपा का कब्जा था।

**कोर्ट ने कहा...**

ने अलीबाग सेशन कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन किया था। अर्णब को बीते रविवार अलीबाग से तलोजा जेल में शिफ्ट किया गया था। अर्णब ने आरोप लगाया था कि जेल स्टाफने उनके साथ मारपीट की और उन्हें उनके वकील से बात नहीं करने दी गई।

**लालू के लाल...**

20 मिनट समय लगेगा। इसीलिए पहला रुझान सुबह 8:30 बजे तक आने की संभावना है। मतगणना में लगभग 600 कर्मचारी लगाए गए हैं। कोविड-19 को देखते हुए सोशल डिस्टेंसग का पालन किया जा रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 2020111124000
अ/2 वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अविनाश कुमार शुक्ला पिता श्री रामअनुग्रह शुक्ला निवासी वार्ड नं. 13, नांदघाट, तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा ग्राम बोडरा प.ह.नं. 31, रा.नि.मं आरंग में स्थित भूमि खसरा नंबर 845/1 रकबा 0.530 हे. का भाग रकबा 0.500 हे. का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबी 0.500 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यवपर्तन कृषि प्रयोजन (गोदाम) में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 24/11/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 09/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।
सील
सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 20201011240036
अ/2 वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कविता रतनानी पति संतोष रतनानी निवासी शांतिनगर भिलाई द्वारा ग्राम अकोलीडीह प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 162 रकबा 0.43 हे. का भाग रकबा 0.07 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबी 0.07 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यवपर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 27/11/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 09/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।
सील
सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.167 दिनांक 06.11.20
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल- 68
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित भवन छुगानी प्राईड फ्लैट क्र. डी-404 जो कि निगम अभिलेख में मे. छुगानी बिल्डर्स पार्टनर विजय कुमार छुगानी वगैरह के नाम से दर्ज है जिसको श्री एम. श्री निवास राव s/o एमआर मूर्ति ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.168 दिनांक 06.11.20
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल- 68
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित छुगानी प्राईड फ्लैट क्र. डी-105 जो कि निगम अभिलेख में मे. छुगानी बिल्डर्स पार्टनर विजय कुमार छुगानी वगैरह के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती भारती साहू w/o लिलेन्द्र साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.165 दिनांक 06.11.20
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल- 68
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित छुगानी प्राईड प्रथम तल आफिस नं.-15 जो कि निगम अभिलेख में मे. छुगानी बिल्डर्स पार्टनर विजय कुमार छुगानी वगैरह के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्री सोहनलाल शर्मा s/o बिसाहू राम शर्मा 2. सागर शर्मा s/o सोहनलाल शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.166 दिनांक 06.11.20
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल- 68
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित भवन छुगानी प्राईड फ्लैट नं. सी-401 जो कि निगम अभिलेख में मे. छुगानी बिल्डर्स पार्टनर विजय कुमार छुगानी वगैरह मार्फत मनोज खेराजमल खत्री के नाम से दर्ज है जिसको श्री मनोज खेराजमल खत्री s/o खेराजमल खत्री ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.164 दिनांक 06.11.20
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल- 68
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित छुगानी प्राईड प्रथम तल आफिस नं. 16 जो कि निगम अभिलेख में मे. छुगानी बिल्डर्स पार्टनर विजय कुमार छुगानी वगैरह के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्री सोहनलाल शर्मा s/o श्री बिसाहू राम शर्मा 2. सागर शर्मा s/o सोहनलाल शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202008080800063
अ-2 वर्ष 2019-20
क्र./अ.वि.द./प्रवा-2/कवर्धा
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रप्रकाश धृतलहरे पिता/पति ज्ञानदास धृतलहरे साकिन राजनांदगांव द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम समनापुर ख.नं. 197/100 रकबा 0.016 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 09/11/2020 के सायं पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात की गई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर, सील मुहर से जारी किया गया।
सील
दिनांक 26/10/2020
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.163 दिनांक 06.11.20
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल- 68
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित छुगानी प्राईड आफिस नं. 14 प्रथम तल जो कि निगम अभिलेख में मे. छुगानी बिल्डर्स पार्टनर विजय कुमार छुगानी वगैरह के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्री सोहनलाल शर्मा s/o श्री बिसाहू राम शर्मा 2. सागर शर्मा s/o सोहनलाल शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.162 दिनांक 06.11.20
वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल उपाध्याय-41
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-41 स्थित भवन ए-316 जो कि निगम अभिलेख में हूबलाल पाण्डेय वल्द गेंदराम पाण्डेय के नाम से दर्ज है जिसको श्री श्रीकांत पाण्डेय पिता स्व. हूबलाल पाण्डेय ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 184/2020-21
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/34/86/1 कटोरातालाब जो कि निगम अभिलेख में श्री मनोहरलाल चतवानी पिता स्व. आसनदास के नाम से दर्ज है, जिसको श्री मनोहरलाल चतवानी पिता आसनदास, श्रीमती निर्मला चतवानी पिता/पति मनोहरलाल चतवानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone4@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत डुमरतराई फेस-1 रायपुर में स्थित एम.आई.जी. फ्लैट क्र.-258/ब्लाक-11/पंचम तल, श्री मोहन पंजाबराव गिरहे पिता श्री पंजाब राव गिरहे के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया है। आबंटी द्वारा दिनांक 19.03.2015 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 01.04.2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री मोहन पंजाबराव गिरहे पिता श्री पंजाबराव गिरहे निवासी-प्लाट-0/57 स्नेह नगर, वर्धा रोड, नागपुर के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती रूबीना कौसर अली पति जावेद अली, निवासी-पानी टंकी के पास इंदिरा कालोनी, तारबहार वार्ड नं. 20, बिलासपुर (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीर सावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक LIG-1328 SL-III में सुश्री नम्रता सिंह परिहार पिता श्री नरेश सिंह परिहार को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 03/02/2018 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 31/10/2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती हलीमा खान पति श्री अब्दुल सत्तार खान के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।
अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202011112400020
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी-राजस्व सन् 2020-21
निसदा प.ह.नं. 00057 ( 897/1 ( 0.1900 हे. )
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - रमेश साहू
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश साहू पिता मोहन साहू द्वारा ग्राम निसदा, प.ह.नं. 57 में स्थित भूमि खसरा नंबर 897/1 का भाग रकबा 5000 वर्गफुट का व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 5000 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन कृषि प्रयोजन (गोदाम) में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 24/11/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 09/11/2020 को जारी किया जाता हैं।
सील
VINAYAK SHARMA
अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) आरंग, जिला-रायपुर ( छ.ग. )

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### जमीन विवाद पर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद के मामले को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर बसना पुलिस ने कांउटर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में लिया है। ग्राम पर्रापाट निवासी राजेश सिंह जगत पिता गरुड़ (60) ने टीकम कुमार जगत पर पुरानी रंजिश और जमीन विवाद की बात को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है वहीं टीकम जगत पिता जगत ने निर्मल जगत पिता राजेश पर पुरानी रंजिश और जमीन विवाद की बात को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### त्रुटि सुधार नहीं, पटवारी को धमकी

**महासमुंद।** जमीन सुधार नहीं किए जाने से नाराज एक किसान ने पटवारी को जान से मारने की धमकी दी है। जानकारी के मुताबिक पटवारी भागीरथी पालेश्वर ने गबौद के धोबई साहू पर मोबाइल पर उन्हें जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पुलिस से की है। उन्होनें पुलिस को बताया है कि भू अभिलेख में त्रुटि होने के कारण सुधार करने के लिए फोन किया और गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाई

**महासमुंद।** ग्राम मुढ़ेना में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सेवक यादव (21) ने शुक्रवार को माहगी साहू के खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीण संतराम निषाद की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### बाइक चालक की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सड़क हादसे में घायल बाइक चालक की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक धरम खैरवार बाइक क्रमांक सीजी 04 सीआर 5782 से जा रहा था। इसी दौरान ग्राम फुलझर के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे गंभीर रुप से घायल धरमू की मौके पर ही मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### 31 पौव्वा शराब जब्त

**महासमुंद।** रविवार को पटेवा पुलिस ने एक शराब कोचिए से करीब 28 सौ रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर पुलिस ने ग्राम सरेकेल गोंगल रोड की ओर पैदल जा रहे आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम कुरूद निवासी खेदूराम यादव पिता रजऊ राम (40) के पास से 31 पौव्वा अंग्रेजी शराब कीमती 2790 रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई की।

### चोरी की 8 बाइक के साथ दो बंदी

**महासमुंद।** चोरी की मोटर साइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे मोटर साइकिल चोर गिरोह को साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की टीम ने धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई कुल 8 मोटर साइकिल जब्त की। पुलिस ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि सुनील चन्द्राकर पिता बलभद्र (30) चोरी की मोटर साइकिल बिक्री करने हेतु रेलवे माल धक्का के पास ग्राहक तलाश कर रहा है पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ करने पर अपने साथी राजू उर्फबुटी (32) जेंजरा थाना खरियार रोड ओडिशा हाल संतोषी नगर भीमखोज थाना खल्लारी के साथ मिलकर शहर के स्टेशन रोड, मधुलिका लॉज, एकता चौक, बागबाहरा, कोमाखान तथा ओडिशा क्षेत्र से विभिन्न कंपनी की मोटर साइकिल कुल 08 नग मोटर साइकिल चोरी करना बताया। आरोपी सुनिल चन्द्राकर की निशानदेही पर आरोपी राजू उर्फबुटी यादव को पुलिस ने पकड़ लिया।

### चेंबर ने दिया अध्यक्ष प्रत्याशी जग्गी को समर्थन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकामर्स का चुनाव आगामी दिनों में होना है। इसके मद्देनजर अध्यक्ष प्रत्याशी एवं उनके पैनल का संपर्क अभियान तेज हो गया है। इसी तारतम्य में रविवार को स्थानीय चेंबर ऑफ कामर्स से वर्तमान उपाध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, प्रमोद जैन, मुकेश अग्रवाल, जितेंद्र चंद्राकर एवं साथी योगेंद्र नारायण, शेख समीर ने मुलाकात की। द इलेक्ट्रॉनिक्स वर्ल्ड में हुई बैठक के दौरान रायपुर से आए चेंबर पदाधिकारियों ने छग चेंबर ऑफकॉमर्स में उनके द्वारा किए गए कार्यो जानकारी दी एवं उनसे अपना पूर्ण समर्थन मांगा। महासमुंद चेंबर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष शंभू साहू एवं व्यापारी साथियों ने समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर संरक्षक मनोजकांत साहू, अध्यक्ष शंभू साहू, उपाध्यक्ष मोहन मदनकार, सचिव शिरीष गंडेचा, कोषाध्यक्ष रमेश पाहूजा, सह सचिव आशु कापसे, महामंत्री श्रेयांश चोपड़ा, सुरेश चोपड़ा, पारस चोपड़ा, रमेश झाबक, किशोर इसरानी व जितेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहे।

### जिले में कोरोना का आंकड़ा 5 हजार पार, 69 पॉजीटिव

**महासमुंद।** जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 5 हजार के पार पहुंच गई है। शनिवार को मिले 34 और रविवार को मिले 69 मरीजों के साथ ही जिले में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 5097 पहुंच गया है। जिले में कोरोना की रफ्तार थोड़ी कम हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले महीने 19 अक्टूबर को कोरोना संक्रमित का आंकड़ा 4 हजार के पार पहुंचा था। इसे पांच हजार तक पहुंचने में करीब 20 दिन का समय लगा। जिले में रविवार को 69 कोरोना संक्रमित मिले। नए संक्रमितों में महासमुंद से 16, बागबाहरा से 8, पिथौरा से 15, बसना से 16 और सरायपाली से 14 मरीज मिले।

### निधन

### ठाकुर बैजनाथ सिंह

**नवागढ़।** गाड़ामोर निवासी ठाकुर बैजनाथ सिंह (74) का सोमवार को रायपुर में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गाड़ामोर में किया गया। वे आनंद वल्लभ सिंह एवं दिलबाग सिंह के पिता थे।

# भूमिहीन गौपालक तिरथ ने गोबर बेचकर अपनी धर्मपत्नी केजा को मंगलसूत्र के लिए सोना उपहार में दिया और बच्चों के लिए खरीदे कपड़े

- तीरथ ने गोबर को सोने में बदला
- हमर मन के ठेठ छत्तीसगढ़िया परंपरागत काम के मान हवैय गौधन न्याय योजना
- गौधन योजना से गौपालक किसानों की आय हो रही है दुगनी

**कवर्धा।** राजमिस्त्री के काम में दिनभर कड़ी मेहनत कर एक-एक पैसा जोड़ने वाले भूमिहीन तीरथ साहू के परिवार की आमदनी अब गौधन योजना से जुड़ने के बाद अब सचमुच आय दोगुनी हो गई है। तीरत साहू का परिवार आज हसी-खुशी जीवन यापन कर रहा है। राजमिस्त्री से इस गौपालक परिवार की सिर्फ जरूरतें पूरी होती थी, लेकिन गौधन योजना से जुड़ने के बाद गोबर बेचकर उनसे मिलने वाली अतिरिक्त आमदनी से इस परिवार की ख्वाइशें और सपने पूरे हो रहे है। राजमिस्त्री ने गोबर बेचकर अपनी पत्नी श्रीमती केजाबाई के लिए तीन ग्राम का मंगलसूत्र के लिए सोने का तीन पत्ती और दो दाना खरीदा खरीदकर दीपावली के लिए उपहार भेंट किया है। उन्होंने अपने बच्चों के लिए कपड़े की भी खरीददारी की है। गोधन योजना शुरू होने से अब तक लगभग इस परिवार की 22,150 रूपए की शुद्ध आमदनी हुई है।

गोधन न्याय योजना में गोबर बेचकर मिली राशि से दिपोत्सव के पहले ही ग्रामीणों के लिए खुशियां मनाने का आधार बन गया है। बात हो रही है विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम गौठान प्रबंधन समिति सोनपुरी गुढ़ा में पंजीकृत पशु पालक केजा बाई पति तिरथ राम साहू और उसके परिवार के सदस्यों की। गोधन न्याय योजना के शुरू से अब तक यू तो जिले में बहुत से हितग्राहियों ने अपना पंजीयन कराया है। जिनके द्वारा गोबर बेच कर धन राशि सीधे उनके खाते में प्राप्त कर रहे है। केजा बाई की पति तिरथ बताते है कि उनके परिवार के द्वारा योजना के तहत शुरू से घर में उपलब्ध गोबर और आस-पास से इकटठा किया हुआ गोबर अपनी समिति को बेचते है। गोधन योजना शुरू होने से अबतक लगभग 22,150 रूपए की धन राशि का गोबर बेचे है। कुछ समय पहले खाते में लगभग 15 से 16 हजार रुपए मिल गया है, जिससे पत्नी श्रीमती केजा बाई के लिए तीन ग्राम का मंगलसूत्र के लिए तीन पत्ती और दो दाना खरीदा। तिरथ आगे बताते है की हमारा कोई खेती-बाड़ी नहीं है। मैं छोटा-मोटा राजमिस्त्री का काम करता हूं। गोधन न्याय योजना में मेरी पत्नी केजा बाई ने अपना पंजीयन यह सोच कर कराया था की कभी सरकार की योजना काम आ जाएगी, लेकिन क्या पता था की घर में कभी खुशिया इस योजना से मिलेगी। केजा बाई पहले स्कूल में रसोइया का काम करती थी, लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन से अब-तक वह कार्य बन्द हैं। ऐसी स्थिति में गोधन न्याय योजना मेरे परिवार के लिए वरदान साबित हुआ है। केजा बाई और बच्चे गांव के आस-पास घूमकर गोबर इकटठा करते है और उसे अपने समिति में बेच रहें है, जिसके परिणाम स्वरूप अच्छा आमदनी हो रही है। इस योजना से मिलने फायदा से अभी घर की और जरूरतें और सपने पूरी हो जाएगी। तिरथ राम साहू ने चर्चा करते हुए आगे बताया की दिवाली के पहले मिला आर्थिक सहयोग घर में खुशियो का माहोल ले आया है। सरकार की गोधन न्याय योजना हम जैसे ठेठ छत्तीसगढिया को गोबर से जुड़े परम्परागत कार्य को लाभ लेने का सुनहरा अवसर दिया है।

## सतनाम संदेश यात्रा बाइक रैली का भव्य स्वागत

**खरोरा।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए सतनाम संदेश यात्रा बाइक रैली 8 नवंबर रविवार को बलौदा बजार-भाठापारा जिला का नामकरण गुरु घासीदास जिला कराने के लिये प्रातः 6 बजे सतनाम संदेश यात्रा (बाइक रैली) गुरु घासीदास प्लाजा आमापारा रायपुर से गिरौदपुरी धाम के लिए निकाला गया। रैली के आगे - आगे गुरु घासीदास बाबा जी की झांकी के साथ साउण्ड सिस्टम (डिजे) चलाया गया, प्रस्तावित यात्रा गुरु घासीदास प्लाजा आमापारा रायपुर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक से मोवा विधान सभा बाईपास रोड़ से मंदिर हसौद, बाराडेरा धाम, दोदे, खरोरा, भैसा, खपरीपुरी धाम, भण्डारपुरी धाम, तेलासीपुरी धाम, गैतरा से संडी पलारी होते हुए, जिसका खरोरा परिक्षेत्र के युवा टीम खुबी डहरिया जिला कोषाध्यक्ष, सुधीर बांधे महामंत्री ओमप्रकाश कोसरिया उपाध्यक्ष, डागेश्वर जोशी जिला मीडिया प्रभारी, डॉ. बी आर गौतम संरक्षक, बनवाली शान सलाहकार, कमलेश रात्रे सहयोजक, भागदास चतुर्वेदी खरोरा ब्लाक अध्यक्ष, संत नवरंगे नगर अध्यक्ष, सुश्री लालिमा गायकवाड़ अध्यक्ष, सुश्री पिंकी कुर्रे कार्य अध्यक्ष सुश्री प्रीति पुरैना महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष खरोरा गोपी घृतलहरे कार्य अध्यक्ष, सुमीत मार्कण्डेय कार्य अध्यक्ष, साखा कोसले उपाध्यक्ष, रामप्रकाश चेलक कोषाध्यक्ष, महेंद्र बंजारे सचिव, रंजीत नारंग सहसचिव, कामत जोशी रघुवीर बांधे ईश्वरी प्रसाद टंडन तरुण पुरैना कृत कुमार चेलक राजू गेंडरे लष्मी कोशले प्रदीप भांडे नरेश बंजारे कोमल शान कार्य सदस्य व गुरु छाया भवन के समस्त वरिष्ठ गण व खरोरा के जनप्रतिनिधि गण व धरसींवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा के द्वारा खरोरा आगमन पर पुष्प बौछार व फटकों से स्वागत अभिनदंन के साथ गुरु जी के रथ में पूजा - अर्चना करके बाबा जी के जयकारों के साथ रैली पर खरोरा परिक्षेत्र से हजारों की संख्या में सम्मिलित हुए।

### बाजार में मिट्टी के दीए की सज गई दुकान

**खरोरा।** दीपावली के नजदीक आते ही सप्ताहिक बाजार में इन दिनों मिट्टी के दीए ,कलशा , ग्वालिन और मूर्तियां की बिक्री जोरों से हो रही है । दीपोत्सव की पंच पर्व में मिट्टी के दीए का विशेष महत्व चौराहों पर सज गई दुकानें । अंचल के गांव सहित नगर के चौक -चौराहों पर दीपक का बाजार लगा हुआ है। खरीदने वाले मोल भाव कर अपने घर ले जा रहे हैं। खरोरा के बस स्टैंड तिग्गड्डु चौक बाजार में कुम्हार परिवार मिट्टी के दीए बनाकर बेच रहे हैं।

### वर्चुअल क्रू मीटिंग मीटिंग संपन्न

**खरोरा।** चंद्रशेखर आज़ाद ओपन रोवर क्रू रायपुर का द्वितीय वर्चुअल क्रू मीटिंग दिनांक 8 नवंबर को सम्पन्न रोवर लीडर दिलीप पटेल के द्वारा कराया गया। जिसमे राष्ट्रपति पुरस्कार की तैयारी कराई गई मुख्य रूप से व्यवहार विश्लेषण को समझाया गया जो कि एक अहम हिस्सा है राष्ट्रपति पुरस्कार पाठ्यक्रम का। रोवर गौरव दिल्लीवार, देवाशीष मखीजा, साई, दानेश्वर साहू, भवानी जायसवाल, विनय वर्मा, खिचेन्द्र बघेल आदि शामिल होकर व्यवहार विश्लेषण को बारीकी से जाना।

### आत्म निर्भर बनने स्वयं सहायता महिला समूह शिविर का आयोजन

**लवन।** सहकारी समिति लवन में सोमवार को स्वयं सहायता समूह शिविर का आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि रायपुर मुख्यालय से महिला प्रकोष्ठ अधिकारी सुश्री सरोज पांडेय उपस्थित हुए उन्होंने उपस्थित महिला समूह को आत्मनिर्भर बने विभिन्न जानकारियां प्रदान की इस दौरान समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बेहतर पहल की गई है वही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह बने हैं। इन समूहों की कई महिलाएं पहले ही अपने कई तरह के उत्पाद तैयार कर बाजार में बेच रही हैं उनको और अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने एवं जिन महिला समूह को राशि की कमी है उन्हें बैंक से ऋण आदि विभिन्न व्यवस्था संबंधित जानकारियां प्रदान की गई वही लवन की देवी स्वयं सहायता समूह को फैंसी दुकान खोलने हेतु तत्काल बैंक के माध्यम से 1लाख रु का ऋण प्रदान किया गया और 4 स्वयं सहायता महिला समूह का बैंक में खाता खोला गया वही कार्यक्रम में लवन क्षेत्र से 16 महिला समूहों ने भाग लिया इस अवसर पर शाखा प्रबंधक आर.के. नवरंग समिति अध्यक्ष अनूप पांडेय, सहा प्रबंधक राजेन्द्र पांडेय, समिति सदस्य आर के साहू,बिंदेश्वरी श्रीवास, पी.आर ध्रुव, सह समिति उपाध्यक्ष, ब बाजार रामकुमार साहू डोंगरीडीह रवि ठाकुर, राहुल यदाव आदि उपस्थित रहे।

### माजदा-कार में भिड़ंत, 8 घायल, दो रायपुर रेफर

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम तोरला पड़ाव के पास सोमवार सुबह कार और माजदा में भिड़ंत हो गई. घटना में कार सवार दो और माजदा सवार तीन घायल हो गए. घायलों को डायल 112 की मदद से पटेवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कार सवार को रायपुर रेफर किया गया वहीं माजदा सवार को जिला अस्पताल भेजा गया है. जानकारी के मुताबिक घटना तोरला मोड़ के पास हुई. पटेवा थाना के प्रधान आरक्षक गिरीश साहू के मुताबिक माजदा क्रमांक सीजी 09 बी 1085 तुमगांव से ग्राम तोरला के लिए जा रहा था तभी पिथौरा की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 06 जीएल 5687 माजदा से जा भिड़ी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार बसना निवासी स्नेहा अग्रवाल पिता अनूप अग्रवाल (22) और मीना अग्रवाल पति अनूप अग्रवाल (40) घायल हो गई. जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया.

### कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए मास्क का उपयोग जरूर करें : सीईओ

**कवर्धा।** जिला पंचायात के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री विजय दायाराम के. ने जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम को विशेष ध्यान में रखते हुए इस वायरस के संक्रमण से बचाव के उपायों का पालन करने के लिए अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है। आम जनों की सुविधा के लिए केंद्र और राज्य शासन के साथ जिला प्रशासन ने दैनिक कार्यों को सुलभ बनाने के लिए सभी सुविधाएं बहाल कर दी है।

## देवी-देवताओं की फोटो लगी वाली फटाखों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

- बजरंग दल व विश्व हिन्दू एकता संगठन ने कलेक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** दीपावली पर्व पर बाजार में बिकने वाले कई फटाखों में मां लक्ष्मी सहित अन्य देवी देवताओं की फोटो छपी रहती है। जिसे लोगों द्वारा आग में जलाया व फोड़ा जाता है। इसका बजरंग दल व विश्व हिन्दू एकता संगठन ने कड़ा विरोध किया है।

इस संबंध में बजरंग दल के जिला संयोजक गौरव गुप्ता व विश्व हिन्दू एकता संगठन के जिला संयोजक सुमित तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि दीपावली पर्व पर बाजार में कई प्रकार के फटाखे बिकते हैं। इसमें कई फटाखों में मां लक्ष्मी सहित अन्य देवी देवताओं भी लगे रहते हैं। जो उचित नही है। भगवान के फोटो वाले फटाखे को जलाया जाता है। सड़क, नाली व कचरे में फेंक दिया जाता है। इससे हिंदू आस्था को गहरी चोट पहुंचती है। इसका हम विरोध करते हैं।

### छः विपत्तिग्रस्त परिवार को 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत छः विपत्तिग्रस्त परिवारों को 24 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसके तहत पंडरिया तहसील के ग्राम सेन्दुरखार निवासी श्रीमती सवनी बाई की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री जयलाल (मृतक का पुत्र), ग्राम पोलमी निवासी श्री ठाकुरराम का पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री संतराम (मृतक का पुत्र), ग्राम केशलीगोड़ान निवासी सुरज को जहरीले सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री रामकुमार (मृतक के पिता), सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम कड़कड़ निवासी श्रीमती सुखमत बाई को जहरीले सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री कलीरामद (मृतिका के पति), ग्राम रणवीरपुर निवासी संदीप कुमार सिन्हा की बाढ़ के पानी मे बह जाने के कारण मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री गणेश (मृतक के पिता) और बोड़ला तहसील के ग्राम बोदलपानी निवासी श्री फुलसिंह को मधुमक्खी के काटन से मृत्यु हो जाने पर संयुक्त विपत्तिग्रस्त (मृतक के निकटम वारिस श्री बिहारी, श्री तिहारी, श्री गंगाराम, श्री अनुज एवं सतवंतीन) को को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग गरियाबंद (छ.ग.)**
Phone No. 07706-241533 Fax No. 07706-241488 Email: eepwd.gbd-cg@gov.in
ज्ञाप क्र. 3315/व.ले.लि./2020-21 गरियाबंद, दिनांक 05/11/2020

**-:: निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 3197/NIT-15/SAC/2020-21 दिनांक 15.10.2020 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। जिसका जी.नं. 84338 है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) गरियाबंद
संभाग गरियाबंद (छ.ग.)
जी-84838/2

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षण डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/डा.भी.अ.चि./क्रय/17966 रायपुर, दिनांक 06/11/2020

**''ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना''**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के लिए अस्थि रोग विभाग के इम्प्लांट एवं अन्य सामग्रियां क्रय करने हेतु ऑनलाईन निविदा क्रमांक 68921 आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 68921 में देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| BID SUBMISSION START DATE | 6 NOV, 2020 4:00.00 PM IST |
| BID DUE DATE | 23 NOV, 2020 12:00 0M IST |
| HPYSICAL FDR SUBMISSION END DATE | 23 NOV, 2020 12:30.00 PM IST |
| BID OPEN DATE (SCUEDULED) | 23 NOV, 2020 1:00.00 PM IST |

जी-84846/1
संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202010112400035
अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कविता रतनानी पति संतोष रतनानी निवासी शांतिनगर भिलाई द्वारा ग्राम अकोलीडीह प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 109/1 रकबा 0.33 हे. का भाग रकबा 0.11 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबी 0.11 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यवपर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 27/11/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202010112400037
अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कविता रतनानी पति संतोष रतनानी निवासी शांतिनगर भिलाई द्वारा ग्राम अकोलीडीह प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 110 का रकबा 0.11 भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबी 0.11 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यवपर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 27/11/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202010112400038
अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कविता रतनानी पति संतोष रतनानी निवासी शांतिनगर भिलाई द्वारा ग्राम अकोलीडीह प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 115/2 रकबा 0.40 हे. का भाग रकबा 0.12 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबी 0.12 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यवपर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 27/11/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202010112400014
अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक शोभाराम यादव पिता रामसेवक यादव निवासी वार्ड क्रमांक 09 यादवपारा चंदखुरी फार्म ग्राम मुनगी द्वारा ग्राम चंदखुरी प.ह.नं. 03 में स्थित भूमि खसरा नंबर 854 रकबा 0.4700 हे. का भाग रकबा 12000 वर्गफुट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबी 12000 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यवपर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 24/11/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक एफ.1-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्नलिखित हितग्राहियों के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन क्रमांक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

| क्रं. | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | कॉलोनियों का नाम | भवन/भूखण्ड क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सावित्री शर्मा | पति श्री राजनारायण शर्मा | वैशाली नगर भिलाई | ई.डब्ल्यू.एस.-171/ए |
| 2 | श्रीमती अस्मिता उमरे | पति श्री डी.के. उमरे | खम्हरिया भिलाई | एल.आई.जी.-एम/503 |
| 3 | डॉ. अर्चना मथारस | आ. श्री विलियम पीटर मथारस | तालपुरी रूआबांधा, दुर्ग-भिलाई | लोट्स- 45 |
| 4 | श्रीमती लीला देवी अग्रवाल | पति श्री मांगी राम अग्रवाल | तालपुरी रूआबांधा, दुर्ग-भिलाई | लोट्स- 63 |
| 5 | श्री कमरूद्दीन | आ. श्री शममुद्दीन | तालपुरी रूआबांधा, दुर्ग-भिलाई | आर्किड-430 (चतुर्थ तल) |
| 6 | श्री अशोक कुमार निर्मलकर | आ. स्व. दशरू राम | तालपुरी रूआबांधा, दुर्ग-भिलाई | पारिजात-20/सी (भू-तल) |
| 7 | श्रीमती ज्ञानेश्वरी निर्मलकर | पति श्री अशोक कुमार निर्मलकर | तालपुरी रूआबांधा, दुर्ग-भिलाई | पारिजात-20/जी (भू-तल) |
| 8 | श्री इरफान कुरैशी | आ. श्री मोहम्मद हनीफ कुरैशी | कोहका भिलाई | एल.आई.जी.-1/630 |
| 9 | श्री नवीन कुमार शर्मा | आ. स्व. जगन्नाथ प्रसाद शर्मा | अमलेश्वर | एल.आई.जी.- 51 |

सम्पदा अधिकारी के आदेशानुसार
सहायक सम्पदा प्रबंधक
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

# आठ कोविड अस्पतालों में 2588 कोरोना संक्रमितों का इलाज

*नव प्रदेश संवाददाता*

## होम आइसोलेशन के पांच हजार 626 मरीज हुए कोरोना मुक्त

**कोरबा।** जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल द्वारा बेहतर और हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कोरोना संक्रमित मरीजों की बेहतर ईलाज के लिये दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रदान किया जा रहा है। जिले में कोविड मरीजों के ईलाज के लिये शासकीय और निजी कोविड अस्पताल स्थापित किये गये हैं। जिले में कुल आठ कोविड संस्थान हैं जहां पर कोविड संक्रमित मरीजों को भर्ती करके ईलाज किया जा रहा है। सभी कोविड संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाएं और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को जिला प्रशासन द्वारा निगरानी रखकर सुनिश्चित की जा रही है। कोरोना संक्रमितों के लक्षणों और गंभीरता के अनुसार उन्हें कोविड अस्पतालों या होम आईसोलेशन में रखकर ईलाज किया जा रहा है। जिले के कोविड संस्थानों में कोरोना संक्रमित मरीजों के ईलाज के लिये कुल एक हजार 320 बेड की क्षमता विकसित की गई है। आठ कोविड अस्पतालों में अब तक कुल दो हजार 588 कोरोना संक्रमित मरीजों को ईलाज के लिये भर्ती किया जा चुका है। कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजों में 383 मरीज अन्य जिलों के

भी शामिल हैं। कुल भर्ती किये गये मरीजों में से दो हजार 313 मरीज कोरोना से स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। वर्तमान में 80 मरीजों का ईलाज कोविड अस्पतालों में जारी है। बिना या कम लक्षण वाले कोरोना संक्रमित मरीजों को घर पर ही होम आईसोलेशन में रखकर ईलाज कराने की सुविधा जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गई है। जिले में अब तक कुल छह हजार 678 लोगों का ईलाज होम आईसोलेशन में रखकर किया जा चुका है जिनमें से पांच हजार 626 लोग होम आईसोलेशन में रहकर पूर्ण रूप से कोरोना से मुक्त हो चुके हैं। वर्तमान में 901 कोरोना संक्रमितों का ईलाज होम आईसोलेशन में रखकर किया जा रहा है। होम आईसोलेशन में रखे गये 151 मरीजों में गंभीर स्वास्थ्य की स्थिति आने पर उन्हें कोविड अस्पताल में भी रिफर किया जा चुका है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ईएसआईसी कोविड अस्पताल में 142 बेड की क्षमता विकसित है। इस कोविड अस्पताल में अभी तक एक हजार 087 मरीज भर्ती किये जा चुके हैं जिनमें से 976 मरीज ठीक होने के बाद अपने घर लौट चुके हैं। सिपेट कोविड केयर सेंटर में 850 बेड की क्षमता स्वीकृत की गई है। सिपेट में अभी तक 850 कोरोना मरीज ईलाज के लिये भर्ती किये जा चुके हैं तथा अब तक 810 मरीज ईलाज कराने के बाद डिस्चार्ज किये जा चुके हैं। जैनम एनजीओ महाराजा होटल कोविड संस्थान में 26 बेड की क्षमता विकसित है। अभी तक 83 कोरोना मरीज महाराजा होटल में भर्ती हो चुके हैं जिनमें से 75 मरीजों को पूरी तरह ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है। कृष्णा हॉस्पिटल में 52 बेड की क्षमता कोरोना मरीजों के ईलाज के लिये स्वीकृत की गई है जहां पर 81 मरीज अभी तक भर्ती किये जा चुके हैं जिनमें से 52 मरीज कोरोना मुक्त होकर घर को लौट चुके हैं। एनकेएच हॉस्पिटल में 80 बेड की क्षमता स्वीकृत की गई है जहां पर 104 मरीज अभी तक भर्ती किये जा चुके हैं जिनमें से 79 मरीज ईलाज के बाद ठीक हो चुके हैं। इसी प्रकार कोरोना मरीजों के ईलाज के लिये सृष्टि हॉस्पिटल में 50 बेड, बालको हॉस्पिटल में 70 बेड एवं सीटीआई गेवरा हॉस्पिटल में 50 बेड की क्षमता स्वीकृत की गई है।

# चिहरो गांव में तेंदुए ने किया गाय का शिकार

■ **आमडुला वन विभाग ने बनाया मुवावज़े के लिए प्रकरण**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**डौंडी।** हाथियों के बड़े दल के डेरा ब्लॉक मुख्यालय डोण्डी के वन ग्राम जबकसा, लीमुडीह, सुडोंगर पिछले माह भर से ग्रामीणों की नींद उड़ा के रख दिया हाथियों का दल से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने हाथियों को खदेडने् के लिए आसपास के क्षेत्र को घेरकर जंगल में विभीन्न जतन कर अपनी पूरी जोर लगा दी है। वहीं वन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद है। हाथियों की मौजूदगी से आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। परन्तु अब हाथी के बाद जंगली तेंदुआ का आतंक से क्षेत्र में फिर दहशत है। बीते दिन एक तेंदुआ भटकते हुए डोण्डी ब्लॉक के ग्राम चिहरो इलाके में आ गया है। जहां राय सिंग मण्डावी पिता धरम मण्डावी उम्र 45 वर्ष की गाय को तेंदुवे ने हमला कर दिया जिससे गाय की मौत हो गई गांव से लगे राजस्व छेत्र में किया है।

गांव में मकान के बाहर बंधी एक गाय पर हमला बोल दिया। बुरी तरह नोच कर उसकी जान ले ली। शोरगुल होने पर पशुपालक घर से बाहर निकले और उन्होंने टार्च जलाई तो तेंदुआ भाग निकला। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। लोग सारी रात जागते रहे। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क किया है कि तेंदुए के दिखने पर वे उसे छेड़ने के बजाय वन विभाग को सूचना दें। चिहरो गांव जंगल से सटा हुआ है। उसके एक किनारे की तरफ राय सिंग मण्डावी का मकान है। रोज की तरह उन्होंने रात अपनी गायों को द्वार पर बांधकर घर में सो रहे थे। रात में अचानक गाएं जोर-जोर से रंभाने लगीं। गायों का शोर सुनकर राय सिंग की नींद खुल गई। वे घर से बाहर निकले और गायों की तरफ टार्च जलाई तो देखा कि तेंदुआ गाय को मारकर खा रहा है। टार्च की रोशनी पड़ते ही वह भाग निकला। उसके बाद राय सिंग ने शोर मचाना शुरू किया। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। देर रात गांव में तेंदुआ आने की खबर लगते ही हड़कंप मच गया।

लोग सारी रात लाठी-डंडा लेकर पहरा देते रहे। सुबह होने पर पीड़ित ने वन विभाग को मामले से अवगत कराया। वन अधिकारियों ने गांव वालों को सतर्क रहने और तेंदुआ दिखते ही सूचित करने को कहा है। गांव में दहशत का माहौल है और लोग रतजगा कर पहरा दे रहे हैं।वही तेंदुए के द्वारा गाय को सीकर बनाने के बाद आमाडुला वन विभाग के कमल नारायण गौतम और गीतेश यादव ने चिहरो गांव पहुच गाय के मुवावज़े के लिए प्रकरण तैयार किया।

## कांकेर: प्रेशर कुकर बम को पुलिस ने किया निष्क्रिय

**कांकेर।** जिले के अतिसवेदनशील इलाका परतापुर क्षेत्रांतर्गत कैम्प महला से लगभग 2-3 किलोमीटर की दूरी पर मार्ग में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नियत से लगाकर रखे 3 किग्रा का प्रेशर कुकर आईईडी बम बरामद करने में सुरक्षा बल को सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना परतापुर क्षेत्रांतर्गत बीएसएफ कैम्प महला से लगभग 2-3 किलोमीटर आगे मार्ग में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने लगभग 3 किग्रा का प्रेशर कुकर आईईडी बम बरामद करने में सुरक्षा बलों को सफलता मिली। बरामद आईईडी को मौके पर ही बीएसएफ के बीडीएस टीम द्वारा विस्फोट कर निष्क्रिय किया गया। थाना परतापुर में वैधानिक कार्यवाही की जा रही।

# तीन दिन बाद दीपावली का त्योहार, फिर भी जगह-जगह लगा है कचरे का अंबार

**गंदगी से नगरवासी परेशान**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**लवन।** स्वच्छता का संदेश देने वाले दीपावली के त्यौहार पर भी नगर पंचायत लवन के अधिकांश जगहों पर गंदगी का आलम बना हुआ है। बाजार रोड किनारे सहित अन्य जगहों पर कचरे का विशाल ढेर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर पंचायत का अमला स्वच्छता के मामले में कितना लापरवाह है। नगर की सफाई व्यवस्था लम्बे समय से चरमराई हुई है। आलम यह है कि अलसुबह नगर के सभी हिस्सों में न तो नियमित झाड़ू लगाया जा रहा है न ही सड़कों पर पड़े कचरे को उठाकर बाहर पहुंचाया जा रहा है। केवल घरों से निकालकर देने वाला कचरा को ही कचरा संग्रहण वाहन में भरकर ले जा रहे है। वही दीपावली त्यौहार पर जहां नगर के लोग घरों की सफाई, रंगाई में जुटे हुए हैं, वही नगर पंचायत का अमला अपना जिम्मेदारी का निर्वाहन भी ठीक से नहीं कर रहा है। हालांकि नगर पंचायत को साफ सुधरा करने के लिए कर्मचारियों का अभाव है, लेकिन फिर भी 15 वार्ड के लिए 8-10 सफ़ाई कर्मचारी पदस्थ है। इसके अलावा दो कचरा संग्रहण वाहन जैसे तमाम संसाधन भी नगर पंचायत के पास उपलब्ध है। इस समूची व्यवस्था पर प्रतिमाह लाखों रूपये का खर्च भी किया जा रहा है, लेकिन इसका सकारात्मक नतीजा सामने नहीं आ रहा है। वही इन दिनों घरों में दीपावली पर्व की साफ-सफाई का कार्य चालू है, जिसमें नगर में आम दिनों की तुलना में भारी संख्या में कचरा निकल रहा है। इन्ही दिनों नगर की साफ-सफाई व्यवस्था चरमरा सी गई है।

नगर की अधिकांश गलियों में व होटल के पीछे बाजार रोड पर ढेर सारी गंदगी पड़ी हुई है। वहाँ पर व्यवसायिक दुकान व स्थानीय रहवासी का निवास है, जिन्हें बदबू व गंदगी से परेशान होना पड़ रहा है।

# 8 माह बाद लगा साप्ताहिक बाजार, उमड़ी भीड़

*नव प्रदेश संवाददाता*

**लवन।** दीपावली त्यौहार के पूर्व लवन का साप्ताहिक बाजार 8 माह से कोरोना काल होने की वजह से नहीं लग पाया था। आठ नवम्बर रविवार को लवन का पहला साप्ताहिक बाजार लगा। जिसमें कपड़ा, सब्जी, मिट्टी के दिये, कलश, लक्ष्मी गणेश की मूर्ति सहित अन्य सामानों का बाजार लगा हुआ नजर आया। हालांकि कोरोना काल होने की वजह से ज्यादा की संख्या में व्यापारी बाजार लगाने नहीं पहुंच पाये थे। फिर भी बाजार में नये-नये आयटमों की भरमार थी, जिसके कारण बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी। दूर-दराज से लोग बड़ी संख्या में खरीददारी करने बाजार पहुंचे थे। बाजार में उपलब्ध गणेश, लक्ष्मी की प्रतिमा 30 से 50 रूपये में बिकी। वही कलश 20 से 50 रूपये की दर से बिका दीया 10 रूपये दर्जन के हिसाब से बिका। इसके अलावा हरी सब्जियों की बंपर आवक से दाम कुछ घटे नजर आए। इस सप्ताह मूली, लालभाजी, डोड़का, टमाटर, केला 30 रूपए किलो बिका। वही भांठा, कुंदरू पालकभाजी का दाम 40 रूपए किलो रहा। पत्तागोभी, तोराई 50 रूपए के भाव मिला।

करेला, बरबट्टी, भिट्डी, गोभी हरी मिर्च राहत दिखाते हुए 60 रूपए किलो बिके। आवक कम होने की वजह से सेमी, गाजर, गंठगोभी, अदरक, परवल, शिमला मिर्च 80 रूपये किलो रहा। हरा धनिया 100 रूपए तो मुनका भी 120 रूपए किलो रहा। वही प्याज के दाम में पहले की अपेक्षा कम होने से लोगों ने कुछ राहत की सांस ली।

# तीन दिनों से लापता युवक की मिली लाश

■ **ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**गरियाबंद।** बड़ी खबर गरियाबंद से है, जहां अतरमरा गाँव मे तीन दिनों से लापता युवक की आज सुबह लाश मिलने से सनसनी फैल गयी है, जानकारी के मुताबिक मृत युवक का नाम उमेश निषाद है, जो गुरुवार शाम 5 बजे से गायब था। युवक अतरमरा गाँव का ही रहने वाला बताया जा रहा है, परिजनों और ग्रामीणों के द्वारा युवक की लगातार तलाश की जा रही थी, आज सुबह गाँव के ही मारिया तालाब से लगे नर्सरी में युवक की छत वीछत स्थिति में लाश मिली सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति ने ये लाश देखी और फिर गांव के लोगों को बताया बहरहाल पांडुका पुलिस मौके पर पहुँच चुकी है, और आगे की कार्यवाही कर रही है, वहिं ग्रामीण और परिजन युवक की हत्या होने की आशंका जाहिर कर रहे है ।

# अवधेश मंडल रेल सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर बिलासपुर।** अवधेश चौहान को मंडल रेल सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति महाप्रबंधक बिलासुपर द्वारा नागपुर मंडल (द.प.म.रेलवे) नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा हर्ष एवं बधाई दिया गया। सांवलाराम डाहरे जिला अध्यक्ष भाजपा भिलाई, मारकण्डेय तिवारी, टी.पी. सिंह, सत्येन्द्र सिंह, खिलावन साहू, विनित बाजपेई, फनेन्द्र पाण्डेय, संजय खन्ना, पुरषोत्तम देवांगन, प्रमोद अग्रवाल, विजय जायसवाल, अनिल सोनी, रामानंद मोर्य, राजीव पाण्डेय, गुरजीत सिंह,

एन पाणी, अजीत सिंह, लोकेश पाण्डेय, रंजीत सिंह, शरद सिंह, रमेश मिश्रा, प्रहलाद साह, अजय तिवारी, विकास भगत, इंद्रजीत गिरी, निजर सिंह, अर्जुन दास, रामकुमार सिंह, सौरभ दास, बैजनाथ झा, शाहरूख खान, संतोष चौहान, रोहित यादव, दिलाप राम, प्रेम चौहान, भस्कर राव, एवं प्रभारी रिसाली मंडल जिला कार्यकारणी सदस्य भाजपा भिलाई के अवदेश चौहान।